रोहतक
सोमवार, 19 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 108
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 45.3
न्यून. 23.8

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



05 मनिका, मानव विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे




RPSGOS
RPS CBSE Class XII -2025
SCORES THAT ARE THE SEEDS OF A BRIGHT FUTURE
CBSE BOARD RESULT - 2025
98% & ABOVE 23+ STUDENTS
97% & ABOVE 64+ STUDENTS
95% & ABOVE 155+ STUDENTS
90% & ABOVE 586+ STUDENTS
99% MARKS
ANUSHKA ROY
D/o Ms. REENA CHAUDHARY Mr. SANJAY ROY
99% MARKS
PARV
S/o Ms. DEEPIKA & Mr. NAVNEET
98.8% HARSHITA YADAV D/o Ms. KUSUM YADAV & Mr. KULDEEP SINGH
98.6% VAISHNAVI PANDEY D/o Ms. PUSHPA TIWARI& Mr. RAGHAWENDRA N. PARASHAR
98.6% PURVA SINGH D/o Ms. BHAWNA & Mr. KULDEEP SINGH
98.6% PAWAN S/o Ms. BIMLA DEVI & Mr. CHARAN SINGH
98.6% AASHISH TREHAN S/o Ms. BINDU TREHAN & Mr. RAVI TREHAN
98.2% PUNEET S/o Ms. MAYA & Mr. NARENDER
98.2% PARI GOYAL D/o Ms. PRAMILA GOYAL & Mr. BIRJMOHAN GOYAL
98% PIYUSH S/o Ms. NISHA DEVI & Mr. NARENDER SINGH
97.8% VIKASH CHAUHAN S/o Ms. GEETA DEVI & Mr. JAGDISH CHAUHAN
97.8% SIDDHI YADAV D/o Ms. RASHMI YADAV & Mr. ARVIND YADAV
97.8% NITESH YADAV S/o Ms. RAJNI & Mr. RAMAN YADAV
97.8% DIVYANSHI JAIN D/o Ms. JYOTI JAIN & Mr. VIKAS KUMAR
97.8% ANSHIKA D/o Ms. MANJU YADAV & Mr. RAKESH YADAV
97.8% AARUSHI RAO D/o Ms. POONAM KUMARI & Mr. LALIT KUMAR
97.6% YAMINI D/o Ms. SUSHMA RANI & Mr. SANDEEP KUMAR
97.6% UTKARSH S/o Ms. VINITA SHARMA & Mr. ANIL SHARMA
97.6% TANISHKA JAIN D/o Ms. SHWETA JAIN & Mr. VIVEK JAIN
97.6% TAMANNA YADAV D/o Ms. BEENA KUMARI & Mr. HARISH CHANDER
97.6% SEJAL D/o Ms. DEEPALI GUPTA & Mr. ATUL RUSTAGI
97.6% AVIKA PANWAR D/o Ms. SARITA PANWAR & Mr. VINESH KUMAR
97.6% ANU POONIA D/o Ms. JYOTI POONIA & Mr. JAIDEEP POONIA
97.4% TANYA D/o Ms. USHA LATA & Mr. NARESH KUMAR
97.4% KHUSHI YADAV D/o Ms. ASHA YADAV & Mr. RAVI YADAV
97.4% HARSHITA MISHRA D/o Ms. NITU MISHRA & Mr. MANOJ MISHRA
97.4% HARSH KUMAR S/o Ms. NEELAM YADAV & Mr. ASHOK KUMAR
97.4% PRIYA D/o Ms. SUNIL & Mr. OMBIR
97.4% DEEPANSHU S/o Ms. ANJU DEVI & Mr. BHIM SINGH
97.2% YOGESH KUMAR S/o Ms. SAROJ & Mr. AJIT SINGH
97.2% RITIKA D/o Ms. ANITA & Mr. SURESH KUMAR
97.2% PALAK D/o Ms. ARCHANA & Mr. SUNIL
97.2% KANAK D/o Ms. NISHA & Mr. ASHVANI
97.2% JAIVARDHAN SINGH S/o Ms. RAJNI DEVI & Mr. DEVINDER SINGH
97.2% HANSHIKA D/o Ms. SUMAN DEVI & Mr. BHUPESH
97.2% AARTI D/o Ms. REKHA & Mr. SANJAY
97.2% RASHIKA YADAV D/o Ms. SAJEETA YADAV & Mr. RAVINDRA KUMAR
97% UDITANSH SHAH S/o Ms. SPARDHA SHAH & Mr. SHOBHIT SHAH
97% PREETI YADAV D/o Ms. GAYTRI & Mr. DHARMENDRA KR. YADAV
97% MAHAK PANNU D/o Ms. GEETA DEVI & Mr. KRISHAN KUMAR
97% LUCKY YADAV S/o Ms. SHARMILA & Mr. ASHOK
97% KITTU D/o Ms. SUNITA DEVI Mr. DHARMENDER KUMAR
97% VIVEK BENIWAL D/o Ms. ANITA DEVI & Mr. ASHOK KUMAR
97% HIMESH KUMAR S/o Ms. MAMTA & Mr. ASHISH KUMAR
97% DIYA PAL D/o Ms. NEERA PAL & Mr. BIJENDRA KUMAR PAL
97% ARYAN S/o Ms. MAYA RANI & Mr. NARYAN SINGH
97% ANUPMA D/o Ms. MANU KUMARI & Mr. MAHESH
96.8% YASHICA D/o Ms. ROHINI BINDAL & Mr. ANSHU BINDAL
96.8% SAINA D/o Ms. NIRMALA & Mr. THAWAR SINGH
96.8% SADHANA YADAV D/o Ms. NISHA DEVI & Mr. AMIT KUMAR
96.8% MANU DEV S/o Ms. SAROJ & Mr. DHARMENDER
96.8% MAHAK D/o Ms. KUMARI SUNITA & Mr. DHARMENDER KUMAR
96.8% HARSHI D/o Ms. RAKHI & Mr. YOGESH KUMAR
96.8% EKLAVYA SINGH S/o Ms. RACHNA & Mr. RAVI OM SINGH
96.8% DAKSHU S/o Ms. REKHA & Mr. DINESH KUMAR
96.8% ANUJ S/o Ms. SUNITA DEVI Mr. BHAGAT SINGH
96.8% ARPITA DARIPA D/o Ms. MAMANI DARIPA & Mr. RAJIB DARIPA
96.8% SANJANA D/o Ms. SANTOSH & Mr. TULSI
96.6% RIDDHIMA D/o Ms. KAVITA & Mr. RAJKUMAR
96.6% RACHI D/o Ms. KIRAN & Mr. OMPRAKASH
96.6% JANVI D/o Ms. NITA & Mr. RATIRAM
96.6% HIMANSHU YADAV S/o Ms. POONAM BAI YADAV & Mr. BRAHM PRAKASH
96.6% ANSHIKA AGGARWAL D/o Ms. ANJU GUPTA & Mr. AJAY GUPTA
96.6% VARINDA D/o Ms. RAMESH KUMAR & Mr. POONAM
96.6% AANSHU D/o Ms. ANITA & Mr. VIKASH KUMAR
THE PERFECT SCORE 100/100
MATHS- 100 | ACCOUNTANCY-100 | B. STUDIES- 100 | ECONOMICS- 100 | HINDI -100 | HISTORY-100
GEOGRAPHY -100 | MUSIC-100 | FINE ARTS-100 | PSYCHOLOGY -100 | POLITICAL SCIENCE -100
RPS GROUP OF COLLEGES
TALENT HUNT Cum SCHOLARSHIP TEST
(To get into Higher Studies)
for XII PASSED OUT STUDENTS ALL STREAMS
SUNDAY 1st JUNE, 2025
TIMING : 10:00 AM ONWARDS
You can Win Prizes worth Lakhs of Rupees & upto 100% Scholarship
SCAN FOR REGISTRATION
REGISTER ONLINE ON: www.rpsinstitutions.org www.rpsdegreecollege.edu.in
WORLD CLASS HOSTEL FOR BOYS & GIRLS (AC/ NON-AC)
BUS FACILITY UPTO 80 KMS.
01285-241430/1/2, 8222888337/8, 8222999153
8th Milestone Balana, Mahendergarh, Haryana (NCR)
Our Campuses: Mahendergarh Ph.:01285-222645, 9416150201 | Rewari Ph.:8222000359 | Rewari City Ph.:9053555526 | Dharuhera Ph.:9467064534 | Kosli Ph.:9255148141 | Behror Ph.:9529678004 | Hansi Ph.:9813196969, 9896100407 | Narnaul Ph.: 8198976666 | Hisar Ph.:8307760465 | Gurugram Sec.-50 Ph.:8409989898, 7827466258 | Gurugram Sec.-89 Ph.:8222999182 | Karnal Ph.:8398000304/06 | Dharuhera Campus-2 Ph.: 01274-295 925/824, 09257133925 | Rohtak Ph.: 7419998800 | Dadri Ph.: 8222048283, 84 | Kanina Ph. 7497872008, 7497872009 | Gurugram, Sec.-50, Rosewood Campus-2: Ph.: 70424 96986
Web.: www.rpsgroup.edu.in
Top-Notch Hostel Accommodation for Boys and Girls at M/GARH, KANINA, BEHROR, KOSLI & HANSI CAMPUSES

रोहतक
सोमवार, 19 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 108
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 45.3
न्यून. 23.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 रोहित के मध्यक्रम में ऊबने पर बनाया सलामी बल्लेबाज

## ज्योति को एक एसेट की तरह विकसित कर रहा था पाक : एसपी

# पहलगाम हमले के दौरान पाक खुफिया एजेंसी के संपर्क में थी ज्योति, चौथी बार पाकिस्तान जाने के लिए अप्लाई किया था वीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पहलगाम में हुए हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वह पाक खुफिया एजेंसी के अधिकारियों के संपर्क में थी। यह खुलासा करते हुए एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि पाकिस्तान ज्योति को एक एसेट की तरह विकसित कर रहा था। पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ था तब ज्योति पाकिस्तान के हाई कमीशन दानिश के संपर्क में थी। उसके मोबाइल और लैपटॉप की जांच की जा रही है। इसके अलावा ज्योति स्पॉन्सर्ड ट्रिप पर पाकिस्तान जाती थी। वह पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान में थी। इसके अलावा आरोपित की तरफ से क्या जानकारियां शेयर की है, इस बारे में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। शुरुआती पूछताछ में सामने आ रहा है कि ज्योति के साथ कुछ और लोग भी शामिल थे, उनके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। बता दें कि पुलिस ने शनिवार को ट्रैवल विद जो के नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था और अदालत में पेश कर आरोपित ज्योति से पूछताछ के लिए 5 दिन के रिमांड पर लिया हुआ है।

### आय से अधिक करती थी खर्च

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभी तक जांच में सामने आया है कि ज्योति मल्होत्रा की यात्रा के दौरान वह अपनी आय से अधिक खर्चे करती थी। जांच टीम यह पता लगा रही है कि आखिर इनकम से ज्यादा पैसा खर्च करने के लिए उसके पास कहां से आते थे। साइबर सैल और इकनॉमिक सैल यू-ट्यूबर ज्योति के बैंक खातों की डिटेल खंगाल रही हैं। जांच टीम उसके लैपटॉप तथा मोबाइल को भी खंगालने में जुटी है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस ज्योति मल्होत्रा के परिवार के अन्य सदस्यों की भी बैंक डिटेल खंगाल रही है।



### 6 मार्च को वीजा लगवाने गई थी दिल्ली

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित ज्योति तीन बार पाकिस्तान जा चुकी हैं। वह चौथी बार पाकिस्तान जाना चाहती थी। आरोपित 6 मार्च को वीजा लगवाने के लिए दिल्ली गई थी और पाकिस्तान उच्चायोग में वीजा के लिए अप्लाई भी कर दिया था। लेकिन वीजा नहीं लगा।

### कई संदिग्ध मोबाइल नंबर भी मिले

पूछताछ में पुलिस को कई संदिग्ध मोबाइल नंबर भी मिले हैं। जिन नंबरों पर ज्योति की बातचीत और चैट होती थी। जांच में यह भी सामने आया है कि यू-ट्यूबर पहलगाम में हुए हमले से पहले कश्मीर में गई थी और वहां का वीडियो भी उसने इंटरनेट पर अपलोड किया था। पहलगाम में हुए हमले से पहले कश्मीर जाने को लेकर ज्योति की क्या मंशा रही होगी, इसका भी पता जांच टीम लगाने में जुटी है। पूछताछ में सामने आया कि ज्योति के भारत से निकाले गए पाकिस्तानी अफसर दानिश से संबंध थे। दानिश को ऑपरेशन सिंदूर के बाद अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया था।

### जासूसी के शक में एचएसजीएमसी मुलाजिम को कुरुक्षेत्र में पकड़ा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में एसटीएफ ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुलाजिम को हिरासत में लिया है। हालांकि 24 घंटे की पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। सीसीटीवी में सादी वर्दी में आए पुलिस कर्मी एक युवक को साथ ले जाते दिखाई दे रहे है। सूत्रों के मुताबिक, हरकीरत सिंह को रात करीब साढ़े 8 बजे हिसार एसटीएफ ने काबू किया।



हरकीरत सिंह हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के आईटी विंग का कार्य देखता है व यात्रा विभाग का सुपरवाइजर भी है। हरकीरत के पिता सुखबीर सिंह ने बताया कि शनिवार रात हरकीरत श्याम कॉलोनी में गया था। इस दौरान 6 लोग आए, जिन्होंने हरकीरत से हाथ मिलाया और उसे अपने साथ ले गए।

## नूंह : गिरफ्तार युवक के खिलाफ मिले पुख्ता सबूत

नूंह। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पाक की जासूसी के आरोप में पकड़े गए नूंह जिले के नगीना क्षेत्र के अंतर्गत गांव राजाका से 23 वर्षीय अरमान पुत्र जमील के खिलाफ पुलिस को पुख्ता सबूत मिले हैं, जिन्हें कब्जे में लेने के बाद आरोपी को फिरोजपुर झिरका में अदालत में पेश कर 6 दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी से फिलहाल अलग अलग एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। आरोप है कि, उसने पाकिस्तानी एजेंट को भारतीय सिम काड्‌र्स मुहैया कराए। उसने 2025 में डिफेंस एक्सपो की साइट तक का दौरा पाकिस्तानी एजेंट्स के निर्देश पर किया। सरकार और एजेंसियां अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय संदिग्ध तत्वों की निगरानी और जांच को और तेज करने की योजना बना रही हैं।

## खबर संक्षेप



### पूजा-अर्चना के बाद खुले रुद्रनाथ मंदिर के कपाट

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में भगवान शिव को समर्पित पंच केदारों में से एक रुद्रनाथ मंदिर के कपाट रविवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह शुभ मुहूर्त पर परंपरागत पूजा-अर्चना के बाद कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। चमोली जिले में 11,800 फीट की ऊंचाई पर चतुर्थ केदार के रूप में स्थित रुद्रनाथ मंदिर में भगवान शिव के 'एकानन' स्वरूप यानी मुख की पूजा होती है। 6माह तक रुद्रनाथ में भगवान की नियमित पूजा-अर्चना की जाएगी और इस दौरान देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। *एजेंसी*

### बढ़ा कोरोना संक्रमण वैक्सीन को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दुनिया के कई हिस्सों विशेषकर एशियाई देशों (जैसे हांगकांग और सिंगापुर) में एक बार फिर से बढ़ते कोरोना के मामलों ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए चिंता बढ़ा दी है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने नोवावैक्स के एक नए टीके को मंजूरी दे दी। ये टीके सिर्फ उन्हीं लोगों को दिए जा सकेंगे जो इसके लिए उपयुक्त होंगे। *एजेंसी*

### अभिनेता मिथुन को बीएमसी का नोटिस

**मुंबई।** एक्टर और पॉलिटिशियन मिथुन चक्रवर्ती को हाल ही में बीएमसी की तरफ से लीगल नोटिस जारी किया गया है। आरोप हैं कि मिथुन चक्रवर्ती ने मलाड स्थित प्लॉट पर अवैध निर्माण करवाया है। नोटिस में ये भी साफ किया गया है कि अगर प्रॉपर्टी मालिक की तरफ से संतुष्ट करने वाला जवाब नहीं मिलता है तो अवैध निर्माण गिराया जाएगा और कानूनी कार्रवाई होगी। *एजेंसी*

## राजस्थान से आ रही धूलभरी हवाएं

# नौतपा से पहले ही आसमान से बरसी आग, पारा 45° के पार

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में गर्मी का सितम शुरू हो गया है। राजस्थान की तरफ से पश्चिमी धूलभरी हवाएं चलने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। रविवार को तेज धूप के बीच अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर 28 डिग्री दर्ज किया गया। भीषण गर्मी व लू के कारण लोगों को घरों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। 31 मई तक गर्मी का प्रकोप पीक पर रह सकता है। रविवार को सुबह से ही सूर्य देव की तेज किरणों ने लोगों के पसीने छुड़वा दिए। गर्मी का सितम ऐसा रहा कि दोपहर के वक्त बाजार तथा सड़कें सुनसान दिखीं। ऐसा लग रहा था कि जैसे शहर में कर्फ्यू लगा हो। अभी वैसाख मास चल रहा है। वैसाख में ही भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके बाद ज्येष्ठ मास लगेगा। हर साल ज्येष्ठ माह में नौ दिन ऐसे होते हैं जिसमें भीषण गर्मी पड़ती है, इन्हें नौतपा के नाम से जाना जाता है। नौतपा शुरू होने में एक सप्ताह का समय है। 25 मई से नौतपा शुरू होगा और 3 जून तक रहेगा। इस दौरान तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होती है।

**गर्मी का सितम**

- दोपहर के समय सड़कें सुनसान, घरों में दुबके लोग
- 25 मई से शुरू हो रहा नौतपा, 3 जून तक चलेगा
- इस दौरान सीधी धूप पड़ती है, धरती का बढ़ता है तापमान
- कल से पश्चिमी विक्षोभ होगा सक्रिय, राहत की उम्मीद



### नौतपा में बढ़ जाता है तापमान

ज्येष्ठ महीने की शुरुआत में सूर्य देव कृतिका नक्षत्र से निकलकर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं। इसके साथ ही नौतपा शुरू हो जाता है। नौ तपा में सूर्य की किरणे सीधे पड़ते के कारण धरती तपने लगती है, सूरज आग उगलता प्रतीत होता हैं और जल स्वतः खोलने लगता है। इस साल नौतपा के दौरान भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। नौतपा के दौरान तापमान 45 से 48 डिग्री तक पहुंच जाता है।

### हीट स्ट्रोक से सावधान रहना जरूरी

भारी गर्मी के कारण मतली, उल्टी और चक्कर आना हीट स्ट्रोक के लक्षण माने जाते हैं। मनुष्य के सामान्य व्यवहार में बदलाव आने लगता है। हीट स्ट्रोक का असर मस्तिष्क पर पड़ता है, जिससे इंसान सोचने तक में परेशानी महसूस करता है। हीट स्ट्रोक तब होता है, जब अत्यधिक गर्मी शरीर की खुद को ठंडा करने की अंतर्निहित प्रणाली को प्रभावित करती है। ऐसे में भारी गर्मी के चलते जहां तक संभव हो, घरों से बाहर निकलने से बचना चाहिए। बाहर निकलने की स्थिति में सिर पर तौलिया या कैप लगानी चाहिए। बार-बार पानी का सेवन करना चाहिए, ताकि शरीर में पानी की मात्रा पर्याप्त बनी रहे। ज्यादा दिक्कत आने की स्थिति में डॉक्टर की सलाह पर उपचार लेना चाहिए।

### बच्चों, बुजुर्गों का खास ख्याल रखें

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

### मौसम परिवर्तनशील रहेगा, बीच-बीच में पश्चिमी विक्षोभ का दिखेगा असर

हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 23 मई तक परिवर्तनशील व गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान हवाओं में बार-बार बदलाव हो सकता है। राज्य में एक कम सक्रियता वाले पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 23 मई तक बीच बीच में आंशिक बादल, हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान राज्य के उत्तरी क्षेत्र के जिलों में 19 व 20 मई को तथा दक्षिण व पश्चिमी क्षेत्रों में 21 मई को कुछ एक स्थानों पर हवाओं के साथ छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। 24 मई से एक और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य में 24 मई रात्रि से एक बार फिर से मौसम में बदलाव तथा बारिश की संभावना बन रही है।

## हैदराबाद में दर्दनाक हादसा

# आग में जलकर 8 बच्चों सहित 17 की जान गई

**हैदराबाद (एजेंसी)।** चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई। इनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है। फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई।

**चारमीनार के पास बिल्डिंग में लगी आग**
**संकरी सीढ़ी से निकल नहीं पाए**



### पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया

घटना पर प्रधानमंत्री मोदी ने गहरा दुख जताया है। पीएमओ ने एक्स पर लिखा—हैदराबाद में आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद दी जाएगी।

### मंत्री प्रभाकर बोले- ज्यादातर की मौत

तेलंगाना के मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने बताया कि आग सुबह करीब 6 बजे लगी और 6:16 बजे तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई थी। टीम ने सभी को बचाने की कोशिश की, लेकिन ज्यादातर की मौत हो गई।


## 2010 में हुई थी इस पुरस्कार की शुरुआत

# 'संसद रत्न' से सम्मानित होंगे 17 सांसद इनमें सुप्रिया-निशिकांत, रवि किशन भी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के 17 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार सांसदों के गैर सरकारी विधेयक लाने, संसद में सवाल पूछने, बहसों में हिस्सा लेने समेत कई अन्य कार्यों के आधार पर तय किया जाता है। यह पुरस्कार प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की तरफ से शुरू किया गया है। इस वर्ष के विजेताओं का चयन जूरी कमेटी ने किया, जिसकी अध्यक्षता हंसराज अहीर, (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष) ने की। चार सांसदों को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और सतत योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। ये हैं- भर्तृहरि महताब (भाजपा), सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), एनके प्रेमचंद्रन (आरएसपी) और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना) बाकी 13 सांसदों को भी उनके विशिष्ट संसदीय कार्यों के लिए चुना गया है।

■ यह पुरस्कार परफॉरमेंस बेस होते हैं



## ऑपरेशन सिंदूर का नया वीडियो आमने आया

# पाक की जिन चौकियों से गोली चली हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया : सेना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने रविवार को एक नया वीडियो जारी किया। जिसमें बताया गया कि 10 मई को पाकिस्तान की जिन चौकियों से सीजफायर का उल्लंघन हुआ था, उन्हें जवाबी कार्रवाई में मिट्टी में मिला दिया गया। वहीं, भारत-पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत नहीं होगी। सेना ने बताया कि 12 मई को दोनों देशों की बातचीत में जो सीजफायर पर सहमति बनी थी, उसकी कोई आखिरी तारीख तय नहीं की गई है। यह समझौता आगे भी जारी रहेगा। इधर, डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने राहुल गांधी के विदेश मंत्री पर लगाए आरोपों पर कहा कि ऑपरेशन शुरू होने के बाद हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि हम आतंक के अड्डों पर हमला करेंगे। पाकिस्तान ने बातचीत से इनकार कर दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी।

**10 मई को पाकिस्तान ने इन चौकियों से सीजफायर का उल्लंघन किया था**
■
**डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने राहुल गांधी के बयान पर दी सफाई**

### सेना पर टिप्पणी करने वाला प्रोफेसर अली खान गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कमेंट करने वाले एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोनीपत पुलिस ने दिल्ली के ग्रेटर कैलाश से गिरफ्तार कर लिया है। अशोका यूनिवर्सिटी में पढ़ाने वाले इस प्रोफेसर ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर भी आपत्तिजनक पोस्ट की थी। सोनीपत के डीसीपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रोफेसर अली खान के खिलाफ राई थाना में 2 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पहली एफआईआर जठेडी गांव के सरपंच की शिकायत पर हुई है। दूसरी एफआईआर महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया की शिकायत पर दर्ज की गई।



# भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने कैथल के पोलड़ गांव को खाली करने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने जिले के ऐतिहासिक गांव पोलड़ को खाली करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है। विभाग ने गांव के 206 घरों को नोटिस भेजकर जल्द से जल्द मकान खाली करने के निर्देश दिए हैं। इसी तनाव में गांव की एक आंगनवाड़ी वर्कर महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान गुरमीत कौर (65) पत्नी महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। गांव में इस घटना को लेकर शोक और रोष का माहौल है।



पोलड़ गांव का दृश्य

### विधायक को सौंपा ज्ञापन सरकार से राहत की मांग

गांववासियों ने रविवार को गुहला से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस को ज्ञापन सौंपते हुए आग्रह किया कि गांव को खाली कराने के आदेशों को रद्द करवाया जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे अपने घर किसी भी हालत में नहीं छोड़ेंगे। यह हमारी पूर्वजों की धरोहर है। हम यहां से हटेंगे नहीं, चाहे कुछ भी हो जाए।

### ऐतिहासिक महत्व से जुड़ा है गांव पोलड़

गांव पोलड़ को ऐतिहासिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इतिहासकारों के अनुसार, यह स्थल रावण के दादा पुलस्त्यमुनि की तपोस्थली रहा है। मान्यता है कि पुलस्त्यमुनि ने यहां सरस्वती नदी के किनारे स्थित इक्षुपति तीर्थ पर तपस्या की थी। ग्रामीण यह भी मानते हैं कि रावण का बचपन इसी स्थान पर बीता।

### पुरातत्व विभाग करवा चुका है खुदाई

पोलड़ की जमीन को ऐतिहासिक घोषित करते हुए पुरातत्व विभाग ने पूर्व में कई बार खुदाई करवाई है। विभाग का कहना है कि यहां अति प्राचीन व दुर्लभ वस्तुएं मिल सकती हैं, इसलिए संरक्षित किया जाना जरूरी है।

**निराशा** पीएसएलवी-सी 61 मिशन के थर्ड स्टेज में खराबी आई, ये इसरो का 101वां लॉन्च था

*पीएसएलवी इसरो का सबसे विश्वसनीय प्रक्षेपण यान, निर्धारित समय सुबह 5:59 मिनट पर उड़ान भरी*

# ईओएस-09 मिशन हुआ फेल, तीसरे चरण में चूका, इसरो प्रमुख बोले- 'हम वापसी करेंगे'

भाषा ▶▶| श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार सुबह 5.59 मिनट बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पोलर सैटेलाइट लॉन्चिंग व्हीकल (पीएसएलवी-सी61) के जरिए अपना 101वां सैटेलाइट ईओएस-09 (अर्थ ऑब्जर्वेटरी सैटेलाइट) लॉन्च किया, लेकिन ये लॉन्चिंग सफल नहीं हो सकी। इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने बताया गया कि रविवार को 101वां प्रक्षेपण प्रयास किया गया, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य रहा। तीसरे चरण में तकनीकी खामी पेश आई जिसके कारण मिशन को पूरा नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि हम विश्लेषण के बाद वापसी करेंगे।



### ईओएस-09 को लेकर जाना था

यह समस्या लगभग 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर पैदा हुई थी। पीएसएलवी को अपने 63वें मिशन के तहत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-09) को लेकर जाना था। पृथ्वी अवलोकन उपग्रह-09 वर्ष 2022 में प्रक्षेपित किए गए ईओएस-04 जैसा ही एक उपग्रह है।

### धरती की हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीर लेने में सक्षम

ईओएस-09 एक एडवांस पृथ्वी ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है, जिसमें सी-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यह सैटेलाइट किसी भी मौसम और दिन-रात में धरती की सतह की हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीर लेने में सक्षम है। यह कृषि, वन क्षेत्र प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और रक्षा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसे रिमोट सेंसिंग डेटा देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह घुसपैठ या संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### थोड़े से अंतर से चूका मिशन

इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने बताया कि रविवार के प्रक्षेपण का परिणाम कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक रहा होगा क्योंकि पीएसएलवी इसरो का सबसे विश्वसनीय प्रक्षेपण यान बनकर उभरा है। उड़ान भरने के बाद चार चरणों वाले रॉकेट से दूसरे चरण में अलग होने तक मिशन नियंत्रण केंद्र में यह घोषणा की गई कि देश के विभिन्न भागों में स्थित इसरो के अन्य केंद्रों द्वारा उन पर नजर रखी जा रही है। इसरो द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पीएस1 (प्रथम चरण) का पृथक्करण प्रक्षेपण के बाद 111.64 सेकंड में निर्धारित किया गया था, लेकिन यह 110 सेकंड में ही पूरा हो गया। इसके अलावा रॉकेट के दूसरे चरण का 'इग्निशन' 111.84 सेकंड पर प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन यह प्रक्रिया 110.2 सेकंड में पूरी हो गई जिससे मामूली अंतर रह गया।



खबर संक्षेप

### हुकटा प्रतिनिधि मंडल ने सीएम को ज्ञापन सौंपा

**चंडीगढ़।** हुकटा प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रही उपाध्यक्ष शर्मिला यादव ने चंडीगढ़ मुख्यमंत्री के आवास संत कबीर कुटीर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी को सेवा सुरक्षा और अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मांग की कि सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा प्रदान करने की नीति बनाने तक नई स्थायी भर्ती करते समय पहले से कार्यरत हम एमडीयू रोहतक के 65 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों को भरा हुआ मानकर या हमारे वर्कलोड को छोड़ कर, शेष क्लियर कट 158 की बजाए लगभग 93 रिक्त पदों पर ही स्थायी भर्ती की जाएगी तो हमारा रोजगार सुरक्षित हो सकता है अन्यथा आइजीयू मीरपुर रिवाड़ी की तरह महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों व अन्य विश्वविद्यालय में पहले से कार्यरत सबका रोजगार जाएगा।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रदेश सह संयोजक नियुक्त

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रदेश सह-संयोजक एवं जिला अनुसार विधानसभा संयोजकों व सह संयोजकों की नियुक्ति की है। रविवार को इस बाबत प्रदेश महामंत्री एवं एक भारत-श्रेष्ठ भारत की प्रदेश संयोजक डा. अर्चना गुप्ता ने पत्र जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार अवधेश किशोर और संजय ठेकेदार को प्रदेश सह संयोजक का दायित्व दिया गया है।

### भाजपा ने प्रदेशभर में निकाली तिरंगा यात्राएं

**चंडीगढ़।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। घरौंडा में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष व घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को तहस-नहस कर दिया और यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत न केवल अपनी रक्षा करना जानता है, बल्कि आस्था पर हमला भी सहन नहीं किया जाएगा।

### आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट : मित्तल

**पंचकूला।** भाजपा माता मनसा देवी मंडल के तत्वाधान में पंचकूला सेक्टर 7 के मार्केट से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा के दौरान पार्टी के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मंडलवासी और आम नागरिकों ने हांथो में तिरंगा लिए भारत माता का जयघोष लगाते पूरे जोश और उत्साह के साथ पदयात्रा करते हुए सेक्टर 18 के गोल चक्कर पहुंच कर शहीद मेजर संदीप सागर स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला प्रधान अजय मित्तल ने कहा कि अपने देश के वीर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन पूरे जिले में किया जा रहा है।

## राज्यस्तरीय गुरु गोरखनाथ प्रकटोत्सव का आयोजन, मुख्यमंत्री ने की शिरकत

# संतों व महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलकर सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

प्रदेश सरकार द्वारा संतों और महापुरुषों के विचारों व आदर्शों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत रविवार को सोनीपत में गुरु गोरखनाथ प्रकटोत्सव राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरु गोरखनाथ को नमन करते हुए कहा कि यह उनका परम सौभाग्य है कि इस प्रकटोत्सव समारोह में वे शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि संतों और महापुरुषों के द्वारा दिखाये गये रास्ते पर चलते हुए हरियाणा सरकार हर वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए समर्पित है। सबसे पहले सबसे गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाना ही राज्य सरकार का ध्येय है।

■ मुख्यमंत्री ने लगभग 104 करोड़ की 4 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया

### सोनीपत को मिली ये सौगातें

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सोनीपत में एक चौक का नाम गुरु गोरखनाथ के नाम पर रखने तथा प्रदेश में जोगी समाज की धर्मशालाओं के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा की इससे पहले, मुख्यमंत्री ने लगभग 104 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत वाली 4 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 84 करोड़ 82 लाख रुपये की 3 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 19 करोड़ 23 लाख रुपये की परियोजना का उद्घाटन शामिल है।




**सोनीपत।** कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य नेता।

## आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत 'ऑपरेशन सिंदूर' राष्ट्रीय आत्मा की गरिमा का प्रतीक : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का यह समारोह ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, वह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय आत्मा की गरिमा का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने टारगेट करके हमारे देश के मासूम नागरिकों को मारने का काम किया। पूरे देश की भावना को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद की बची खुची जमीन को भी अब मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' से हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के उन ठिकानों को निशाना बनाया, जहां आतंकवाद पनपता था। सिर्फ 3 घंटों में इन ठिकानों को हमारी सेना ने नेस्तनाबूद करने का काम किया। इस ऑपरेशन से पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य ताकत का लोहा माना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने दुनिया को यह बता दिया है कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। आज पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी के साथ है।

### मुख्यमंत्री ने महेंद्रगढ़ में 30 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

**महेंद्रगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को महेंद्रगढ़वासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए 152 करोड़ 87 लाख 92 हजार रुपये लागत की 30 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 81 करोड़ 49 लाख 30 हजार रुपये की लागत की 15 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 71 करोड़ 38 लाख 62 हजार रुपये लागत की 15 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। महेंद्रगढ़ विधानसभा में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए कहा कि जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए पैसे जमा करवा रखे हैं, ऐसे 1450 नलकूप कनेक्शनों को अगले 3 महीने में जारी किया जाएगा। इसके अलावा, 2023 तक जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, वे भी जल्द पैसे जमा करवा दें, उनके कनेक्शन भी जल्द जारी कर दिए जाएंगे।मुख्यमंत्री ने महेंद्रगढ़ विधानसभा में एक नई अनाज मंडी बनाने की भी घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि किसी भी गांव में जमीन उपलब्ध होने पर गौ-अभ्यारण्य बनाया जाएगा। साथ ही, गांव उस्मापुर, बारड़ा, खातौद या जड़वा में जमीन उपलब्ध करवाने पर पशु औषधालय और पशु चिकित्सालय बनाया जाएगा, इसके लिए उन्होंने 1 करोड़ 51 लाख रुपये की घोषणा की। डीगरोता के पशु औषधालय को 40 लाख रुपये की लागत से पशु चिकित्सालय में अपग्रेड किया जाएगा।

### प्रदेश के लोगों को नहीं रहेगी बिजली की किल्लत : नरबीर





**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को निर्बाध, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बिजली कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, वितरण तंत्र को आधुनिक बनाने, ट्रांसफॉर्मर क्षमता बढ़ाने और स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा देने के लिए भी अनेक कदम उठाए गए हैं। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह रविवार को गुरुग्राम के वाटिका सिटी क्षेत्र में 33 केवी के नवीन बिजली सब स्टेशन के उद्घाटन के दौरान संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर पौधारोपण किया और कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार नागरिकों को समयबद्धता के साथ उच्च स्तरीय बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### फतेहाबाद में सेमग्रस्त भूमि का समाधान निकाले सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि फतेहाबाद जिले की सेमग्रस्त भूमि के स्थायी समाधान के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाए ताकि किसान इस भूमि पर खेती कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सके। मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखे पत्र में सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि उनके लोकसभा क्षेत्र के फतेहाबाद जिले के अनेक गांवों जैसे बन मंदोरी, पीली मंदौरी, चुहिया, खाबड़ा, बड़ोपल, खाराखेड़ी, धनिया, चबला मोरी आदि की हजारों एकड़ भूमि वर्षों से सेम (जलभराव व क्षारीयता) की गंभीर समस्या से ग्रस्त है। यह भूमि धीरे-धीरे कृषि योग्य स्थिति से बाहर होती जा रही है, जिससे इस क्षेत्र का किसान समुदाय भारी आर्थिक संकट में है।

## राज्यपाल दत्तात्रेय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से की मुलाकात



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार शाम को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दत्तात्रेय ने राष्ट्रपति को अपनी हाल ही में लॉन्च की गई पुस्तक जनता की कहानी मेरी आत्मकथा की प्रति भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी दी।

### जेजेपी ने 5 हलका प्रभारी और 34 हलका अध्यक्ष नियुक्त किए

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन नवनिर्माण के तहत कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा ने जिला अध्यक्षों से विचार-विमर्श करके पांच हलका प्रभारियों और 34 हलका अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की। पार्टी द्वारा भिवानी में राजेश बामला, लोहारू में राजकुमार ओबरा, हिसार में तरुण गोयल, रानियां में जयपाल नैन और टोहाना में संदीप समैण को हलका प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जेजेपी ने भिवानी में प्रदीप गोयल, लोहारू में देवेंद्र नकीपुर, तोशाम में ऋषि फोगाट, बवानी खेड़ा में अजमेर सरपंच मुंढाल खुर्द, दादरी में राकेश कलकल, बाढड़ा में विजय श्योराण, फतेहाबाद में सुभाष गोरछिया, टोहाना में कुलदीप सिहाग, रतिया में अजय संधू को हलका अध्यक्ष बनाया है। इसी तरह हिसार में विपिन गोयल, आदमपुर में सुनील मूंड न्यौली, उकलाना में सुरेंद्र काला सरपंच, नारनौंद में ईश्वर सिंघवा, हांसी में राजेंद्र सोरखी, बरवाला में सत्यवान कुहाड़ और नलवा में सरपंच राजेश झाझड़िया को हलका अध्यक्ष पद की कमान सौंपी है।

■ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य नेताओं की सहमति से घोषणा

### रामेश्वर पहलवान इनेलो अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**चंडीगढ़।** संगठन का विस्तार करते हुए इनेलो पार्टी ने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला संयोजकों की नियुक्ति की। रामेश्वर पहलवान को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सूरज धानक को प्रधान महासचिव, कपिल काबड़ी, पूर्व सरपंच जगदीश चंद्र, सत्यनारायण मंगाली, हरकेश नागर, बलराज खासा, वेद प्रकाश नंबरदार, बलराज सभ्रवाल, राजबीर सिंह, संजय कुमार, संदीप और विनोद चौहान को उपाध्यक्ष, अभय राम भुक्कल, उमेश रिंडल, सुशील कुमार सरपंच, महेंद्र कलसन, नरसिंह दाहिमा, रामकंवर, तेलूराम और मुख्त्यार सिंह को महासचिव, रामेश्वर सिरोही को संगठन सचिव, बुद्ध सिंह, धर्मपाल भौडा, सुभाष, रामपाल लिखी, विक्रम, मुकेश नंबरदार, लाभ सिंह, वासुदेव, सोमनाथ बोह, सतबीर, अजय बिल्लू, रामफल, रोहताश और राजाराम नंबरदार को सचिव, रोशनलाल और टोनी बोहत को सह सचिव, कश्मीर सिंह को प्रदेश प्रवक्ता, सुषमा चौधरी को प्रचार सचिव, नरेंद्र को कार्यालय सचिव, प्रदीप कुमार, रतिराम आर्य, सत्यनारायण, ओमप्रकाश, जगदीश नंबरदार, पूर्व सरपंच ईश्वर, विजय वाल्मीकि छिछड़ाना, गुरनाम सिंह, सुरेश कुमार डुलगच, खेमचंद, सुरजीत सिंह, बलवान सिंह, नरेंद्र लारा, कृष्ण बिढलान, सतपाल, मंगत सिंह नंबरदार, पवन कुमार और पूर्व चेयरमैन आत्माराम को सदस्य बनाया गया है।

■ अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

## जासूसी प्रकरण : राष्ट्रीय जांच एजेंसी और मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीमें जांच के लिए कैथल पहुंची

■ आरोपी देवेंद्र सिंह से अलग-अलग दो घंटे तक पूछताछ की

**कैथल।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संपर्क और गोपनीय जानकारी सांझा करने के मामले में गिरफ्तार किए गए गांव मस्तगढ़ के आरोपी देवेंद्र सिंह से पूछताछ करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीमें कैथल पहुंचीं। दोनों एजेंसियों ने बंद कमरे में बारी-बारी से देवेंद्र से अलग-अलग पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार सबसे पहले दोपहर दो बजे से चार बजे तक तीन सदस्यीय टीम ने साइबर थाने में आरोपी से गहन पूछताछ की। इसके बाद मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीम ने भी लगभग तीन घंटे तक आरोपी से पूछताछ कर पूरे मामले से जुड़ी जानकारियां जुटाईं।

**13 मई को हुई थी गिरफ्तारी:** आरोपी देवेंद्र सिंह को 13 मई को कैथल साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ तस्वीरें पोस्ट करने के मामले में पकड़ा गया था। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी युवक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंटों के संपर्क में था और उन्हें संवेदनशील सूचनाएं भेजता था। पूछताछ के बाद पुलिस अब देवेंद्र सिंह को कल कोर्ट में पेश करेगी। केस की जांच को विस्तार देते हुए अब उसकी कॉल डिटेल रिकॉर्ड भी निकलवाई जाएगी, ताकि पता चल सके कि किन-किन लोगों से वह संपर्क में था। साथ ही उसके मोबाइल और लैपटॉप से रिकवर किए गए डिलीटेड डेटा की भी जांच की जा रही है।

**पूरे मामले की निगरानी उच्चस्तर पर:** देवेंद्र के मामले की जांच कैथल साइबर थाना प्रभारी शुभांशु की देखरेख में की जा रही है। वहीं डीएसपी गुरविंदर सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। सुरक्षा एजेंसियों की बढ़ती सक्रियता से यह स्पष्ट है कि मामला गंभीर है।

### सीजीएसटी ने किया साइक्लोथॉन का आयोजन



**पंचकूला।** भारत में जीएसटी के आठ सफल वर्षों का जश्न मनाने के लिए, सीजीएसटी पंचकूला कमीशनरेट ने अमीश कुमार गुप्ता (आईआरएस) आयुक्त के मार्गदर्शन में रविवार को साइक्लोथॉन का आयोजन किया, जिसमें ट्राइसिटी के लगभग 100 साईकलिस्टों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम जीएसटी की यात्रा का जश्न मनाने और भारत के ऐतिहासिक कर सुधार के साथ सार्वजनिक जुड़ाव बढ़ाने के लिए किए गए आउटरीच और अवैरनेस कैंपेन की कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। कार्यक्रम की मुख्य आयोजक डॉ. मनजोत कौर, आईआरएस, एडीसी पंचकूला ने कहा कि यह प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को मनाए जाने वाले जीएसटी दिवस की प्रस्तावना थी।

**स्वास्थ्य विभाग में बड़े बदलाव की तैयारी, विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश**

# अब नागरिक अस्पतालों में नहीं चलेगा रेफर टू का खेल, सीएमओ की मंजूरी लेनी पड़ेगी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में कई बड़े बदलाव की तैयारी है, जिस पर चिंतन-मंथन कर लिया गया है। सूबे की स्वास्थ्य मंत्री ने आला अफसरों को साफ कर दिया है कि नागरिक अस्पतालों से रेफर-टू की परंपरा नहीं चलेगी बल्कि जल्द ही नियमों में बदलाव किया जाएगा। इसके बाद में मरीजों को निजी अस्पतालों में रेफर करना आसान नहीं होगा बल्कि आने वाले वक्त में इसके लिए सीएमओ की परमिशन की जरूरत होगी। प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित चल रहे प्रोजेक्ट्स के कामकाज में भी तेजी लाने को कहा गया है ताकि लोगों को किसी भी तरह की इमरजेंसी होने की स्थिति में चंडीगढ़, दिल्ली, रोहतक जैसे शहरों की नहीं भागना पड़े।

■ मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने वाले चिकित्सकों पर कसेगा शिकंजा

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने विभाग के आला कहा कि अब प्राइवेट अस्पतालों में मरीज रेफर करने के नियमों में जल्द बदलाव किया जाएगा। सीएमओ की इजाजत लेना जरूरी होगा। सरकारी अस्पताल में सुविधाएं नहीं होने की सूरत में ही मरीज की सुविधा के अनुसार ही इजाजत दी जाएगी। मंत्री ने जिला अस्पतालों और बाकी सरकारी अस्पतालों से रेफर टू की परंपरा को बंद करने का निर्देश दिया है। मरीजों को बहुत ही इमरजेंसी की स्थिति में ही रेफर किए जाने के पक्ष में मंत्री हैं।

### हमारा फोकस बेहतर से बेहतर उपचार देने पर : आरती राव



स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का कहना है कि हमारी सरकार का फोकस सरकारी अस्पतालों में प्रदेश की जनता को बेहतर से बेहतर उपचार देने, डॉक्टरों की कमी को दूर करने पर है। इस दिशा में लगातार काम कर रहे हैं, आने वाले वक्त में स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर हों इस दिशा में कई कदम उठाए जा रहे हैं। बिना वजह रेफर करने और बाहरी दवाएं लिखने की शिकायतें मिली, तो दोषियों के विरुद्ध एक्शन होगा।

### जेनेरिक दवाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग गंभीर



मंत्री ने जेनेरिक दवाओं को लेकर भी गंभीरता दिखाई और सभी सरकारी अस्पतालों में इसकी व्यवस्था रखने के साथ-साथ में बाकी सुविधाओं को लेकर भी गंभीरता से काम करने को कहा गया है। इस क्रम में सभी अस्पतालों के बारे में जानकारी मांगी गई है, ताकि उन्हें जल्द से जल्द अपडेट किया जा सके।

### एम्स में अगस्त-सितंबर में ओपीडी शुरू होने की उम्मीद

प्रदेश की सेहत मंत्री आरती राव ने विभिन्न जिलों में चल रहे राज्य स्वास्थ्य विभाग के अहम प्रोजेक्ट्स को लेकर भी कामकाज में तेजी लाने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने लंबे समय से लंबित चल रहे अहम प्रोजेक्ट्स में तेजी लाने के लिए अफसरों को कहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के लिए मलूभूत ढांचे को और ज्यादा मजबूत करने को कहा है। उन्होंने उनके क्षेत्र में एम्स में जल्द ही ओपीडी सेवाएं शुरु किए जाने को लेकर भी कई बैठकें की हैं, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के कारण अभी शुरुआत नहीं हुई है। अहम बात यह है कि इसमें अभी भी अगस्त सितंबर तक का वक्त लग सकता है।

### रेफर केसों पर रखी जाएगी नजर

निजी अस्पतालों को जाने वाले केसों पर ज्यादा नजर- आने वाले वक्त में प्रदेश सरकार के तहत चलने वाले अस्पतालों से निजी अस्पतालों को रेफर किए जाने वाले केसों पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा अस्पतालों में दवा होने के बावजूद बाहर की दवा लिखने और एमआर (मेडिकल प्रतिनिधियों ) से घिरे रहने वाले चिकित्सकों पर आने वाले वक्त में शिकंजा कसा जा सकता है। मंत्री आरती राव स्वास्थ्य विभाग में बड़े बदलाव के पक्ष में है, ताकि आम आदमी और गरीबों को सरकारी अस्पतालों में सही उपचार मिले।

# सरकार ने 4.69 लाख किसानों को 16997 करोड़ का किया भुगतान

■ 75.18 लाख मीट्रिक गेहूं व 7.77 लाख मीट्रिक टन सरसों की खरीद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



प्रदेश की विभिन्न मंडियों में अभी तक 75.18 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई, जिसमें से 74.15 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। यानि मंडियों से 98.63 प्रतिशत गेहूं उठान का काम पूरा किया जा चुका है। प्रदेश सरकार द्वारा 4 लाख 69 हजार 830 किसानों के बैंक खातों में 16997.49 करोड़ डाले जा चुके हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष 17 मई तक प्रदेश की विभिन्न मंडियों में 71.50 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई थी। उन्होंने बताया कि मंडियों में गेहूं की खरीद खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन और भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद की गई है।

■ पिछले 4 वर्षों की तुलना में इस वर्ष अब तक 3.68 लाख मीट्रिक टन ज्यादा गेहूं की हुई खरीद

■ मंडियों में 98.63 प्रतिशत गेहूं का हुआ उठान

उन्होंने बताया कि पिछले 4 वर्षों की तुलना में प्रदेश में इस वर्ष 3.68 लाख मीट्रिक टन गेहूं की ज्यादा खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की विभिन्न मंडियों में इस वर्ष 7.77 लाख मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई, जिसमें से 7.64 लाख मीट्रिक टन सरसों का उठान किया जा चुका है। प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 2 लाख 59 हजार 388 किसानों के बैंक खातों में 4419.59 करोड़ रुपये डाले जा चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### बहादुरगढ़: आग से झुलसे पति, पत्नी

**बहादुरगढ़।** शहर के महावीर पार्क में रविवार को आग लगने से पति, पत्नी झुलस गए। पत्नी की हालत गंभीर है। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। बिहार मूल का प्रदीप मांझी यहां महावीर पार्क में परिवार सहित रहता है। रविवार की दोपहर को उसकी पत्नी सोनिका चूल्हे पर खाना पका रही थी। इसी दौरान उसका दुपट्टा में ने आग पकड़ ली और तेजी से फैल गई। आग से झुली तो सोनिका ने शोर मचाया। शोर सुनकर उसक पति प्रदीप तुरंत वहां आया और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। इस दौरान उसके हाथ और व पेट भी जल गया। आसपास मौजूद लोगों ने उनको संभाला और सरकारी अस्पताल ले गए। जहां से सोनिका को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जबकि प्रदीप का ईलाज यहीं पर हो रहा है। दुर्घटनावश्य आग लगने की बात सामने आई है।

### फतेहाबाद: हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को 6 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सप्रीत उर्फ बाबू पुत्र अवतार सिंह, निवासी मातूराम कालोनी फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई सुशील के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ हेतु गश्त पर थी।

### बाइकर्स ने पत्नी के साथ घूम रहे युवक से चेन झपटी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 एरिया में बाइक सवार दो युवकों ने अपनी पत्नी के साथ घूम रहे युवक से चेन झपट ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी गई शिकायत में एमपी के छतरपुर निवासी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि वह कुछ दिन पहले ही नौकरी की तलाश में गुरुग्राम आया था। वे यहां अपनी पत्नी के साथ सेक्टर-45 में किराए पर रहते हैं। शनिवार की देर सांय करीब 7.50 बजे वे खाना खाने के बाद पत्नी के साथ सडक़ पर टहल रहे थे।

### दो बाइक की टक्कर में 44 वर्षीय महिला की मौत

**कैथल।** फ्रांसवाला में शनिवार देर शाम के समय दो बाइक की टक्कर में 44 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला अपने बेटे के साथ पंजाब सतराना में अपनी बहन से मिलने जा रही थी। जैसे ही वे फ्रांसवाला में एक भट्ठे के पास पहुंचे तो यह हादसा हो गया। कैथल सदर थाना में दी गई शिकायत में कुरुक्षेत्र निवासी राहुल ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है।

### प्राइवेट अस्पताल के खिलाफ एफआईआर

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य विभाग ने एक निजी अस्पताल में महिला का गलत इलाज करने पर मामला दर्ज कराया है। अस्पताल में अवैध तरीके से गर्भपात करने पर एमटीपी लाइसेंस भी सस्पेंड कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार महिला लगभग 9 सप्ताह की गर्भवती थी और 29 अप्रैल को गुप्तांग से खून निकलने के कारण शाम लगभग 5 बजे उसके परिजन उसे संतोष अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में उसका अल्ट्रासाउंड किया गया। रिपोर्ट बिल्कुल सामान्य है।

---

सड़कों पर घूम रही बेसहारा गायों को हटवाने से नाराज बदमाशों की करतूत

# गुरुग्राम में बजरंग दल के जिला अध्यक्ष की दफ्तर में घुसकर लाठी डंडों से पिटाई

- बदमाश बोले- वीडियो वायरल करने का चखाते हैं मजा
- घटना में घायल जिला अध्यक्ष को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया
- पूरा घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई
- घटना के बाद पुलिस ने राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष की शिकायत पर बादशाहपुर थाने में एफआईआर दर्ज की

मारपीट करते बदमाश



अस्पताल में उपचाराधीन आशीष शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

बादशाहपुर एरिया में सड़कों पर घूम रही गायों को हटवाने पर करीब एक दर्जन लोगों ने बजरंग दल के जिलाध्यक्ष के कार्यालय में घुसकर उन्हें लाठियों से पीटा। घटना में घायल जिलाध्यक्ष को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, आशीष शर्मा बजरंग दल के जिलाध्यक्ष हैं। वह सामाजिक कार्य करने के साथ ही बेसहारा गाय को सड़कों से हटाने के कार्य में जुटे हुए हैं। शुक्रवार को नगर निगम की टीम बादशाहपुर में अभियान चलाकर सड़कों पर घूम रही गाय को पकड़ रहे थे। इस कार्य में आशीष नगर निगम की टीम की मदद कर रहे थे। यह बात कुछ लोगों को नागवार गुजरी और उन्होंने आशीष पर उनके कार्यालय में घुसकर लाठी डंडे बरसा दिस। पूरा प्रकरण उनके कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह से हमलावर उन पर लाठियों से हमला कर रहे हैं और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह गाय पकड़वाते वक्त भी उन पर हमला हुआ था जिसकी शिकायत उन्होंने बादशाहपुर थाने में की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कुछ लोग अवैध रूप से पशु डेयरी चलाते हैं।

उनके नगर निगम को गाय पकड़वाने के कार्य से यह डेयरी संचालक नाराज थे। वहीं, इस हमले से राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता नाराज है। इसकी उन्होंने निंदा की है। उन्होंने कहा कि जब शुक्रवार को आशीष पर हमला हुआ और उन्होंने पुलिस को शिकायत दी, तो पुलिस ने कार्रवाई क्यों नहीं की। अगर पुलिस कार्रवाई कर देती तो यह हमला दोबारा न होता। उन्होंने पुलिस को कुछ लोगों के नाम बताए हैं जिनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस हमले में मोनू नाम के दो लडक़े, एक नवीन व पांच अन्य आरोपियों पर हमला करने की बात कही है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, आशीष का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**वीडियो वायरल करने पर दी गालियां**

सीसीटीवी में हमलावर कहते हुए सुने जा सकते हैं, 'हमारी वीडियो वायरल करेगा क्या? वीडियो और फोटो वायरल करने का मजा चखाते हैं। इसे आज छोड़ेंगे नहीं। सीसीटीवी फुटेज में गालियां भी साफ सुनाई दे रही हैं। हमले के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और आशीष को अस्पताल पहुंचाया।

**सख्त कार्रवाई की मांग**

राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस हमले की निंदा की है। संगठन ने प्रशासन से हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

---



कैथल। कैलरम में तालाब में पलटा ट्रक। फोटो : हरिभूमि

कैथल में पुलिया तंग होने की वजह से हादसा

## तालाब में जा गिरा ट्रक, ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

ग्रामीणों ने बताया कि गांव कैलरम में माता के मंदिर के साथ वाली सड़क अच्छी-खासी चौड़ाई में बनी है, मगर सड़क के ऊपर बना हुआ पुल बहुत संकरा यानी पतला है, जिसकी वजह से कई बार अंजान व्यक्ति के साथ यहां हादसे हो चुके हैं। इसके अलावा यहां कोई डिवाइडर भी नहीं बना है, ताकि बड़े वाहन वाला कोई अंजान व्यक्ति हादसे से पहले सतर्क हो सके।

आज भी ऐसा ही हुआ। जब एक ट्रक चालक अपने वाहन को इस सड़क पर से लेकर जा रहा था, जैसे ही वह पुल के पास से होकर गुजरा तो ट्रक तालाब में जाकर गिर गया। तुरंत ही ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में ट्रंक चालक को कोई ज्यादा चोट नहीं लगी। हालाकि पुलिया कम चौड़ी होने की वजह से आयदिन हादसे होते रहते है। पुलिया को चौड़ी करने की मांग की गई।

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन से इस सड़क के साथ-साथ पुल को भी ठीक कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में और किसी के साथ ऐसा हादसा न हो सके। मौके पर ग्रामीण संदीप, सतबीर, मोनू और लघुबीर आदि उपस्थित थे।

---

## शराब पकड़ने गई पुलिस की टीम से हाथापाई, एक की वर्दी फाड़ी

पुलिस आरोपियों से कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



बुढ़ा खेड़ा गांव में शराब पकड़ने गई पुलिस की टीम से हाथापाई करने का मामला सामने आया है। इस मामले में सदर थाना पुलिस की टीम गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपी को पकड़ने के लिए गई थी। इसके बाद जब टीम के सदस्य गांव में पहुंचे तो चार आरोपियों ने टीम के सदस्यों के साथ हाथापाई कर दी। यही न हीं, एक पुलिस कर्मी की वर्दी भी फाड़ दी। इसके बाद अब सदर थाना की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। वहीं, पुलिस ने इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कैथल सदर थाना के एएसआई प्रदीप की शिकायत अनुसार 17 मई को पुलिस की टीम को गुप्त सूचना मिली किढ़ा खेड़ा निवासी बलराज अवैध देसी शराब बेचता है। सूचना पाकर उनकी टीम गांव बुढ़ा खेड़ा में पहुंच गई। पुलिस ने बलराज को काबू कर लिया और शराब को लेकर उससे पूछताछ करने लगे। इस पर आरोपी ऊंची आवाज में बातें करने लगा। उसकी आवाज सुनकर गली में से तीन से चार और आरोपी आ गए। जब पुलिस की टीम आरोपी के पशुबाड़े में तलाशी ले रही थी तो वहां से कोल्ड ड्रिंक की तीन बड़ी बोतलों में देसी शराब मिली। शराब मिलते ही बलराज सिंह व तीन अन्य व्यक्तियों ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करनी शुरू कर दी और वर्दी भी फाड़ दी।

पुलिस ने बलराज सिंह व उसके तीन साथियों को काबू किया और रिकवर की गई शराब को भी अपने कब्जे में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव निवासी विक्की, काशू व फूला राम के रूप में हुई। शिकायतकर्ता ने कहा कि आरोपी बलराज, विक्की, काशू व फूला राम ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करके व पुलिस कर्मचारी की वर्दी फाड़कर सरकारी कार्य में बाधा डाली। सदर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

पुलिस ने दोनों गुटों के घायलों को उपचार के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया

## हांसी: तीन एकड़ पैतृक भूमि को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, 2 महिलाओं समेत 14 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सिसाय गांव में शनिवार रात को 3 एकड़ जमीन को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे और हथियार चले, जिसमें दोनों पक्षों में दो महिलाओं सहित 14 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों गुटों को अलग अलग किया और सभी घायलों को उपचार के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच आरंभ कर दी है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन के दौरान दोनों पक्षों ने पुलिस के समक्ष एक दूसरे पर पहले हमला करने सहित गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि दोनों पक्ष एक ही परिवार के हैं, और इन दोनों पक्षों के बीच पुश्तैनी जमीन को लेकर पिछले कई सालों से आपसी विवाद चला आ रहा है। जो शनिवार रात को खुनी संघर्ष में तब्दील हो गया। एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



हांसी। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन दोनों पक्षों के घायल। फोटो : हरिभूमि

**ये हुए हैं घायल**

घायलों में पहले पक्ष के बलबीर (63), कृष्ण (67), आजाद (69), नीरज (30), अजय (30), साहिल (21), अमित (35), सेवा पति (55) और सावित्री (65) शामिल हैं। जबकि दूसरे पक्ष के ईश्वर (64), रामचंद्र (50), बलवान (65), राजकुमार (66) और अनिल (40) घायल हुए हैं।

**डायल 112 की टीम पहुंची**

सिसाय गांव में शनिवार रात को दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष की सूचना मिलने पर डायल 112 टीम ने मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर हालात पर काबू पाया और घायलों को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया। घायलों के साथ अस्पताल पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पक्ष एक ही गोत्र और परिवार से संबंध रखते हैं और इनके बीच विवाद की जड़ गांव की सीमा में स्थित पौने तीन एकड़ जमीन है।

---

माइनिंग में पकड़ी गाड़ी छोड़ने को लिए 10 हजार

## यमुनानगर में रिश्वत लेते होमगार्ड रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बीती रात डंपर की सुपरदारी कराने के नाम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रणजीतपुर चौंकी में तैनात होमगार्ड सुमित को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि होमगार्ड चौंकी में तैनात मुंशी के कहने पर पैसे लेने के लिए आया था। जैसे ही मुंशी को ब्यूरो के आने की खबर मिली तो वह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने होमगार्ड को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव जाटोवाला निवासी आरिफ का ओवरलोड व अवैध खनन के मामले में चार माह पहले पुलिस ने डंपर पकड़ा था। जिसकी उसने कोर्ट से सुपरदारी कराई थी। इस डंपर को ही सुपरदारी में देने के नाम पर मुंशी उससे 10 हजार रुपये की मांग कर रहा था। आरिफ ने इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत दी। टीम ने होमगार्ड को रुपये सहित दबोचा।



यमुनानगर। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी होमगार्ड।

---

आरोपी से एक देशी कट्टा व तीन कारतूस बरामद

## रेवाड़ी में झोटा गैंग का सरगना हथियार के साथ काबू, दो माह पहले जमानत पर छूटा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सीआईए ने गैंगस्टर राजकुमार उर्फ झोटा सहित दो लोगों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। झोटा करीब दो माह पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। सीआईए को सूचना मिली थी कि झोटा गैंग का संचालक संघी का बास निवासी राजकुमार उर्फ झोटा व उसकी गैंग का सक्रिय सदस्य गोकलगढ़ निवासी दीपक गैंग चलाने के लिए बाहर से हथियार लाकर अपने सदस्यों को मुहैया कराते हैं। दोनों के खिलाफ कई संगीन आपराधिक मामले कोर्ट में लंबित हैं। दोनों बोलेरो गाड़ी में शहर से रामगढ़ गांव की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने प्रजापति चौक के पास नाकेबंदी कर दी। पुलिस ने वहां एक गाड़ी को रुकने का इशारा किया तो चालक ने गाड़ी रोककर बैक करते हुए गाड़ी भगाने की कौशिश की। पुलिस ने पीछा करते हुए दोनों को काबू कर लिया। राहुल गाड़ी चला रहा था, जबकि झोटा पीछे की सीट पर बैठा हुआ था। पुलिस ने दोनों की तलाशी ली तो झोटा की जेब से देशी कट्टा बरामद हुआ। उसके चैंबर में एक कारतूस था। राहुल की जेब से दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।



रेवाड़ी। अवैध हथियार के साथ काबू आरोपी रमन। फोटो : हरिभूमि

---

## 10वीं में फेल होने पर छात्र ने निगला जहर, मौत

शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा

- शनिवार को परीक्षा परिणाम के बाद सचिन तनाव में था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के करसोला गांव में दसवीं की परीक्षा में फेल होने से आहत छात्र ने जहरीला पदार्थ निगल लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। करसोला गांव निवासी 19 वर्षीय सचिन ने ओपन से दसवीं की परीक्षा दी थी। परीक्षा का शनिवार को जब परिणाम आया तो वह परीक्षा में फेल मिला जिससे वह आहत हो गया और मानसिक रूप से परेशान हो गया। रविवार को सुबह के समय उसने जहर निगल लिया और मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

---

## गोहाना में धारदार हथियार से युवक को उतारा मौत के घाट, खेत में मिला शव

पेचकस, कटर व डंडे भी बरामद, मृतक की शिनाख्त नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव मोई हुड्डा और पूठी के बीच स्थित सड़क के किनारे खेत में युवक की हत्या कर शव को फेंका गया है। युवक की हत्या धारदार हथियार से हमला करके की गई। उसका गला रेतने के साथ मुंह, कान व सिर में भी वार किए गए। युवक की गर्दन बुरी तरह से कटी है। सदर थाना पुलिस ने शव को बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के शवगृह में रखवाया। मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। चौकीदार की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। गांव मोई हुड्डा निवासी चौकीदार कृष्ण ने सदर गोहाना थाना पुलिस को बताया कि वह रविवार सुबह पूठी रोड पर घूमने गए थे। जब वह ग्रामीण अरुण के खेत के पास पहुंचे तो देखा तो युवक का शव पड़ा था। युवक की गर्दन को रेता गया था। गर्दन पर धारदार हथियार से वार का बड़ा निशान था। साथ ही बाएं कान, मुंह और सिर पर चोट के निशान थे। शव के पास एक सर्जिकल ब्लेड (कटर), लोहे का पेचकश और पेड़ से तोड़े हुए डंडे मिले। कुछ समय बाद अरुण भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर लाल सिंह, एएसआई संदीप कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि युवक के दाएं हाथ की कलाई पर सोमबीर लिखा था। युवक की उम्र करीब 35 वर्ष है। आशंका है कि हत्या दूसरी जगह कर शव यहां फेंका गया। पुलिस ने खेत के अंदर पेचकश और कटर बरामद किया है। युवक के शरीर पर काली टी-शर्ट और पायजामा मिला है। अभी तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

**की जा रही जांच**

युवक की हत्या कर शव को फेंका गया है। उसके पास की धारदार हथियार व पेचकश मिला है। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव की पहचान के साथ ही हमलावरों के बारे में जानकारी जुटाने को सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। -**इंस्पेक्टर लाल सिंह**, थाना प्रभारी, सदर गोहाना

---

### पूर्व जनरल सेक्रेटरी गिरफ्तार तीन दिन के लिए जेल भेजा

**फरीदाबाद।** पुलिस ने गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के पूर्व जनरल सेक्रेटरी सुखबीर सिंह मलिक को लाखों रुपये का गबन करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसको 3 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार साल 2006 में गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन का एक ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के रूप रजिस्ट्रेशन कराया गया था। जिसकी पहली कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें डॉ यादव को प्रधान,एस एल भाटिया उप प्रधान, आरोपी सुखबीर सिंह मलिक को सचिव, अनिल खरेरा को कोषाध्यक्ष बनाया गया था। उस समय सोसायटी में 24 मेंबर्स थे जो कि बाद में बढ़ कर 30 हो गए थे। सोसायटी ने सेक्टर 65 में प्लाट नंबर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से 72 लाख में साल 2008 में खरीद लिया।

---

श्री हनुमंत कथा

बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री को सुनने उमड़े श्रद्धालु

## कोई आज बनेगा, कोई कल बनेगा मेरे बालाजी का भक्त जरूर बनेगा..

जो भक्त जोर-जोर से कीर्तन गाता है, उसके कीटाणु आ जाते हैं बाहर

- हां में हां मिलाने वाले सचिव को कभी साथ मत रखना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

बागेश्वर धाम के बाबा पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने रविवार को श्री हनुमंत कथा का शुभारंभ सत्यम शिवम सुंदरम भजन के गायन के साथ करते हुए कहा कि कोई आज बनेगा, कोई कल बनेगा, मेरे बालाजी का भक्त जरूर बनेगा। वहीं, जो भक्त बहुत जोर-जोर से कीर्तन गाता है, उसके कीटाणु बाहर आ जाते हैं। जो धीरे-धीरे गाता है, उसके भीतर चले जाते हैं। इसीलिए जोर-जोर से भजन गाओ। उन्होंने कहा कि आज ज्यादातर लोग पर्ची के चक्कर में आए हैं, लेकिन हम भी इतने बदमाश हैं कि तुम्हें हनुमान जी की पर्ची थमा दी। पहले हनुमान जी का गुणगान होगा, फिर पर्ची निकालेंगे। हां में हां मिलाने वाले सचिव को कभी अपने साथ मत रखना। ऐसा सचिव होना चाहिए, जो नेता को साफ बताए कि नेता जी यहां तो ठीक है, लेकिन दूसरे वार्ड में हम हार रहे हैं, वहां 20 वोट गड़बड़ में हैं। उन्हें संभालो। हमने ये कर दिया, वो कर दिया। अबे ठठरी के बारे, तूने क्या किया। भगवान ने करवाया तो तूने किया। गले में सोने की चेन पहनोगे तो चोर की नजर पड़ेगी, अगर तुलसी की माला पहनोगे तो चित्तचोर की नजर पड़ेगी।



पानीपत। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत करते हुए पंडित विजय वशिष्ठ महाराज।

## खबर संक्षेप

### रिजर्व बैंक ने डॉयचे, यस बैंक पर जुर्माना लगाया



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने कुछ नियामक मानदंडों का पालन न करने के लिए डॉयचे बैंक एजी, इंडिया और यस बैंक पर जुर्माना लगाया है। डॉयचे बैंक एजी, इंडिया पर बैंकों में बड़े कर्ज को लेकर केंद्रीय रिपॉजिटरी बनाने से जुड़े कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी में एचएमआईएल



**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) घरेलू बाजार में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल करने के लिए नए उत्पादों की पेशकश, ग्रामीण बाजार, संस्थागत बिक्री और पूर्व स्वामित्व वाली कार खंडों में बिक्री बढ़ाने पर जोर दे रही है। कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने यह बात कही।

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन में आया सुधार



**नई दिल्ली।** मंडियों में कम आवक और मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल-तिलहन, हल्की मांग के बीच पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी नीचे दाम पर बिक रहे मूंगफली तेल-तिलहन और नगण्य उपलब्धता के बीच हल्की मांग के कारण बिनौला तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। वहीं आयात शुल्क मूल्य में कटौती की वजह से सोयाबीन तेल-तिलहन और कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम में गिरावट आई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक वाहन पर बड़ा दांव लगाने की तैयारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स का लक्ष्य घरेलू यात्री वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को मुख्यधारा में लाने का है। अपनी इस योजना के तहत कंपनी ईवी श्रृंखला को मजबूत करने और साथ ही मौजूदा मॉडल के लिए मूल्य को बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

■ टाटा मौजूदा मॉडल के लिए मूल्य को बढ़ाने का प्रयास कर रही

मुंबई की यह प्रमुख वाहन कंपनी चालू वित्त वर्ष में हैरियर.ईवी और उसके बाद सिएरा.ईवी उतारने की तैयारी कर रही है। साथ ही कंपनी अपने मौजूदा मॉडल में भी कई तरह के सुधार करने की योजना बना रही है। टाटा मोटर्स ने 2024-25 में करीब 65,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं। यह आंकड़ा 2023-24 की तुलना में 10 प्रतिशत कम है।

## कंपनी चालू वित्त वर्ष में कई नए मॉडल उतारेगी

### कंपनी लागत में कमी लाने पर काम कर रही

टाटा मोटर्स ने कहा कि वह प्रमुख बाजारों में अपने बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने की भी योजना बना रही है। इसके तहत बड़े आकार के फॉर्मेट स्टोर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा कंपनी कठिन माहौल में प्रतिस्पर्धात्मकता और लाभप्रदता सुनिश्चित करने के लिए लागत में कमी की दिशा में भी काम कर रही है।



### लक्ष्य हैच और एसयूवी उत्पाद में सुधार लाने पर

आंतरिक दहन इंजन यानी परंपरागत वाहन खंड पर, कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य हैच और एसयूवी में उत्पाद में सुधार के साथ अपने सबसे मजबूत और सबसे नए पोर्टफोलियो का लाभ उठाना है। कंपनी का लक्ष्य व्यापक विपणन अभियान और ब्रांड जुड़ाव के माध्यम से ब्रांड के विचार को बढ़ाना है, ताकि ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाया जा सके।

### कंपनी ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने जा रही

तिमाही नतीजों के बाद निवेशक प्रस्तुतीकरण में कंपनी ने कहा, 'हम नए मॉडल के साथ ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने जा रहे हैं। साथ ही मौजूदा मॉडल के लिए भी मूल्य बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। कंपनी का इरादा इलेक्ट्रिक वाहनों को मुख्यधारा में लाने है। इसके लिए कंपनी बाजार विकास और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी।

*कंपनी का ध्यान ट्रक में एसी की सुविधा देने पर*

*वाणिज्यिक वाहन कारोबार के बारे में कंपनी ने कहा कि उसे बेड़े के उपयोग में सुधार और बेहद वृहद आर्थिक संकेतकों के साथ एक स्थिर धारणा की उम्मीद है।'हम वैश्विक बाधाओं के बावजूद निरंतर वद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।'*

## खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े महंगाई की स्थिति नहीं दर्शाते

# मुद्रास्फीति के आंकड़े वास्तविक स्थिति बयां नहीं करते, व्यय सर्वेक्षण संशोधन जरूरी: अर्थशास्त्री

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*अर्थशास्त्रियों का कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति के मौजूदा आंकड़े महंगाई की वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाते और कीमत वृद्धि की सही तस्वीर प्राप्त करने के लिए मौजूदा 2011-12 के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण में जल्द-से-जल्द संशोधन करने की जरूरत है।*

सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है। लेकिन परिवार के शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मदों में बढ़ते खर्च को देखते हुए यह माना जा रहा है कि यह आंकड़ा महंगाई की स्थिति का सही बयां नहीं करता।

■ सही तस्वीर पाने 2011-12 के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण में संशोधन जरूरी

■ पिछले सप्ताह फलों व सब्जियों की कीमतें छह साल के निचले स्तर पर थी



### भारांश व वस्तुओं में बदलाव जरूरी

जाने-माने अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक प्रो. एन आर भानुमूर्ति ने कहा, "यह माना जा रहा है कि खुदरा उपभोक्ताओं की खपत वस्तुओं की संरचना में बदलाव हुआ है। ऐसे में इसे जीवनयापन की लागत को दर्शाने के लिए भारांश और वस्तुओं में बदलाव की जरूरत है। अभी हम 2011-12 के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण का इस्तेमाल कर रहे हैं और इसे जल्द-से-जल्द संशोधित करने की जरूरत है।"

*अमीर खाद्य वस्तुओं पर कम खर्च करते हैं*

*इसका कारण मध्यम वर्ग, औद्योगिक श्रमिक या किसान अथवा कृषि श्रमिकों की खपत वाली वस्तुओं का प्रतिरूप अलग-अलग होता है। गरीब लोगों के लिए खाने के सामान का महत्व ज्यादा है। अमीर खाद्य वस्तुओं पर कम खर्च है।*

*नए सर्वेक्षण में खाद्य वस्तुओं का भारांश होगा कम : भानुमूर्ति ने कहा, "ऐसी उम्मीद है कि नये सर्वेक्षण में 2011-12 के मुकाबले खाद्य वस्तुओं का भारांश कम हो सकता है। इसी तरह कुछ नई वस्तुएं भी हैं जो औसत उपभोक्ताओं की खपत में शामिल हो सकती हैं।"*

### उद्योगपति व कारोबारी को महंगाई से लाभ होता है

आमदनी भी उतनी बढ़े तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अतः यह देखना पड़ता है कि किस-किस तबके पर क्या असर हुआ है। कुमार ने कहा, मुद्रास्फीति की दर सबके लिए एक नहीं है। यह निर्भर करता है कि आपकी खपत का स्तर क्या है। जो उद्योगपति हैं, कारोबारी हैं, उन्हें महंगाई से लाभ होता है क्योंकि उनका मुनाफा बढ़ता है। लेकिन आम लोगों को नुकसान होता है।

### अब खपत प्रतिरूप बदला है

लोग अब होटल, रेस्तरां में बाहर ज्यादा खाने लगे हैं...। स्कूल फीस, स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ा है। इसीलिए खपत प्रतिरूप बदल रहा है और उसका भारांश भी बढ़ रहा है। इसमें समय-समय पर संशोधन होना चाहिए था। लेकिन अबतक नहीं हुआ है। उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण के तहत यह पता लगाया जाता है कि परिवार किस प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च करते हैं।

### हर पांच साल में होता है सर्वेक्षण

वर्तमान में 2011-12 के सर्वेक्षण के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का आकलन किया जाता है। यह सर्वेक्षण हर पांच साल में होता है। परिवारों के खपत व्यय पर पिछला सर्वेक्षण 2022-23 और 2023-24 (अगस्त-जुलाई) में किया गया और इसके आधार पर सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के लिए आधार वर्ष मौजूदा 2012 से संशोधित कर 2024 करने पर काम कर रहा है।

# कंपनियों के परिणाम से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ एफआईआई व वैश्विक रुख की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से कंपनियों के बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजों, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह और वैश्विक रुख से तय होगी।

वैश्विक व्यापार करार से जुड़े घटनाक्रम और वैश्विक बाजारों की स्थिति पर भी सभी की निगाह रहेगी। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, "चूंकि भारत-पाकिस्तान तनाव अब शांत हो गया है और सभी प्रमुख भू-राजनीतिक घटनाएं पीछे छूट गई हैं, ऐसे में निवेशकों का ध्यान कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों पर रहेगा।" सिंघानिया ने कहा, "इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने की उम्मीदें बढ़ रही हैं, जिससे बाजार धारणा को और समर्थन मिल सकता है।'उन्होंने कहा कि घरेलू घटनाक्रम और प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़े भी निवेशकों के प्रवाह और बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत, अमेरिकी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क कटौती करने को तैयार है और अमेरिकी तथा भारत के बीच एक व्यापार समझौता जल्द ही होने वाला है।

### इन कंपनियों के नतीजे आने हैं

इस सप्ताह जिन प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं उनमें पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज, आईटीसी और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल हैं।

### घटनाक्रम पर होगी सभी की निगाहे

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, "इस सप्ताह कोई बड़ा वैश्विक या घरेलू घटनाक्रम नहीं है, ऐसे में बाजार का ध्यान तिमाही नतीजों तथा आने वाले आर्थिक आंकड़ों पर रहेगा। वैश्विक व्यापार करार से जुड़े घटनाक्रमों पर भी सभी की निगाह रहेगी।"

## क्रूज पर्यटन में महाशक्ति बन सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भारत में समुद्री और नदी क्रूज पर्यटन के क्षेत्र में महाशक्ति बनने की क्षमता है, हालांकि हवाई किराये में उतार-चढ़ाव और गुणवत्तापूर्ण होटलों की सीमित उपलब्धता जैसी बुनियादी संरचनागत कमियां घरेलू बाजार के लिए चुनौतियां पेश करती हैं। थॉमस कुक इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) महेश अय्यर ने यह बात कही है। अय्यर ने बातचीत में कहा कि क्रूज अवकाश एक अत्यधिक व्यवहार्य यात्रा विकल्प के रूप में उभरा है, क्योंकि इनमें कई वीजा की जटिलताएं समाप्त हो गई हैं, तथा गंतव्यों के बीच निर्बाध यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इसमें एक ही साथ आवास, भोजन, मनोरंजन और दर्शनीय स्थलों की यात्रा की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है। अय्यर ने कहा, "क्रूज़ भारत मिशन और मैरीटाइम इंडिया विज़न-2030 जैसी सरकारी पहल के साथ, हम इस क्षेत्र में सकारात्मक वृद्धि और विस्तार की उम्मीद करते हैं। इसके अलावा, देश के यात्रा और पर्यटन क्षेत्र के लिए बाधाओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनौतियों में बुनियादी ढांचे की कमी शामिल है, जैसे गुणवत्तापूर्ण होटलों की सीमित उपलब्धता, विशेष रूप से 3-सितारा प्लस श्रेणी में, जो कई क्षेत्रों में, विशेष रूप से कुछ उत्तरी हिल स्टेशनों में बाधा बनी हुई है।

# बड़ी सीमेंट कंपनियों की बिक्री चौथी तिमाही में बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बड़ी सीमेंट कंपनियों की मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में बिक्री की मात्रा बढ़ी है। इन कंपनियों का मानना है कि बेहतर बिक्री और स्थिर मांग के चलते वित्त वर्ष 2025-26 में भी उनका अच्छा प्रदर्शन जारी रहने की उम्मीद है।

■ आगे भी रफ्तार जारी रहने की उम्मीद

अल्ट्राटेक, अंबुजा सीमेंट्स, एसीसी, श्री सीमेंट्स और डालमिया भारत जैसी प्रमुख सूचीबद्ध सीमेंट कंपनियों ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर सरकारी खर्च और ग्रामीण मांग में सुधार के चलते वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग सात से 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य बरकरार रखा है। हालांकि, ये कंपनियां भू-राजनीतिक तनाव और बदलते व्यापार परिदृश्य को लेकर



सतर्क हैं। सीमेंट निर्माताओं ने मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 3.5 से 10 प्रतिशत तक बिक्री वृद्धि और क्षमता उपयोग में वृद्धि की सूचना दी।इन कंपनियों को आय के मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

### परिचालन मार्जिन में होगा सुधार

रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि 2025-26 में सीमेंट कंपनियों के परिचालन मार्जिन में सुधार होगा। कंपनियों को सीमेंट की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी और कच्चे माल की लागत स्थिर रहने का लाभ मिलेगा।

### सीमेंट की औसत कीमत 340 रुपए प्रति बोरी


भारत में मार्च, 2025 में सीमेंट की औसत कीमत 350 रुपये प्रति बोरी (50 किलोग्राम) थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में सीमेंट की औसत कीमत सात प्रतिशत घटकर 340 रुपये प्रति बोरी रह गई। इक्रा की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में औसत कीमत 365 रुपये प्रति बोरी थी।

## बोराना वीव्स का आईपीओ 20 मई को खुलेगा




**नई दिल्ली।** कपड़ा बनाने वाली कंपनी बोराना वीव्स ने कहा कि उसने अपने 145 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 205-216 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि निर्गम 20 मई को आवेदन के लिए पूंजी बाजार में आएगा, जबकि एंकर यानी बड़े निवेशकों के लिए बोली 19 मई को एक दिन के लिए खुलेगी। निर्गम 22 मई को बंद होगा। मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर, कंपनी को आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) से लगभग 144.89 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।


## राशिफल


**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।


**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।


**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।


**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## स्मार्टफोन निर्यात ने पेट्रोलियम व हीरे को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** पिछले तीन साल में अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात पांच गुना हो गया है। वहीं इस दौरान जापान को निर्यात चार गुना हो गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इस तरह आज स्मार्टफोन निर्यात ने देश से पेट्रोलियम उत्पादों और हीरे के निर्यात को पीछे छोड़ दिया है। आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में स्मार्टफोन निर्यात 55 प्रतिशत के उछाल के साथ 24.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में 15.57 अरब डॉलर और 2022-23 में 10.96 अरब डॉलर था। बीते वित्त वर्ष में अमेरिका, नीदरलैंड, इटली, जापान और चेक गणराज्य शीर्ष पांच देश रहे जहां स्मार्टफोन निर्यात में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज हुई है। अकेले अमेरिका को 2024-25 में स्मार्टफोन का निर्यात 10.6 अरब डॉलर का हो गया। अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात 2022-23 में 2.16 अरब डॉलर और 2023-24 में 5.57 अरब डॉलर रहा था।जापान को निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। जापान को निर्यात 2022-23 के 12 करोड़ डॉलर से 2024-25 में 52 करोड़ डॉलर हो गया।

# भारत इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन का सबसे बड़ा बाज़ार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ लगातार दूसरे साल दुनिया का सबसे बड़ा बाजार


भारत लगातार दूसरे साल इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। बीते साल भारत में इलेक्ट्रिक तिपहिया की बिक्री लगभग 20 प्रतिशत बढ़कर लगभग सात लाख इकाई पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।पेरिस स्थित ऊर्जा नियामक ने अपने 'वैश्विक ईवी परिदृश्य-2025' में कहा कि भारत वैश्विक इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन बाजार में सबसे अधिक वृद्धि को आगे बढ़ा रहा है। वैश्विक तिपहिया वाहन बाजार में पिछले वर्ष की तुलना में पांच प्रतिशत की गिरावट के बावजूद, इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन की बिक्री 2024 में 10 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 10 लाख वाहन को पार कर गई। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन की बिक्री सभी तिपहिया वाहन बिक्री का लगभग एक-चौथाई है, जो 2023 में 20 प्रतिशत से अधिक था। यह बाजार अत्यधिक संकेन्द्रित है। इसमें चीन और भारत, दोनों की मिलाकर इलेक्ट्रिक और पारंपरिक तिपहिया वाहन की कुल बिक्री में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

## सेबी ने कार्वी के निवेशकों को दावे दाखिल करने को कहा




**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने भुगतान में चूक करने वाली कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड (केएसबीएल) के निवेशकों से दो जून की समयसीमा से पहले अपने दावे दाखिल करने को कहा। केएसबीएल को 23 नवंबर, 2020 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने चूककर्ता घोषित कर दिया था। इसके बाद निवेशकों को भुगतान से चूक करने वाले ब्रोकर के खिलाफ दावे पेश करने के लिए कहा गया था, जिसकी अंतिम तारीख दो जून, 2025 है। सेबी ने अपने बयान कहा, 'कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लि. के खिलाफ निवेशकों के दावे पेश करने की समयसीमा नजदीक आ रही है, इसलिए निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त समयसीमा पर ध्यान दें और अगर उन्होंने पहले से दावा दाखिल नहीं किया है, तो समयसीमा से पहले अपने दावे दाखिल कर दें।'

## शब्द पहेली - 5871




**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5870 का हल







# लखनऊ को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए हैदराबाद के खिलाफ जीत की जरूरत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अपने 'करो या मरो' मैच में जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश बड़े अंतर से जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की होगी। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत अब तक के बेहद निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोडकर बल्ले से भी लय हासिल करना चाहेंगे। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी। लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम के नाम 11 मैचों में 10 अंक है लेकिन नेट रन रेट माइनस 0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा।



### लय हासिल करने का मौका

सनराइजर्स के कुछ खिलाड़ियों के लिए लय हासिल करने का एक अच्छा मौका होगा खासकर नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी भारत ए के इंग्लैंड दौरे से पहले कुछ उपयोगी पारियां खेलना चाहेंगे।

### फार्म में नहीं कप्तान पंत

लखनऊ की टीम के लिए मौजूदा सत्र में सबसे बड़ी निराशा कप्तान पंत का बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन है। पिछले साल आईपीएल नीलामी में 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बोली के बाद वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने इस सत्र के 11 मैचों में 100 से कम की स्ट्राइक-रेट और 12.80 की औसत से 128 रन ही बनाए है। यह इतना निराशाजनक है कि चीजों में यहां से सुधार की ही उम्मीद की जा सकती है।

### राठी ने किया प्रभावित

रवि बिश्नोई बीच के ओवरों में विकेट चटकाने में नाकाम रहे हैं लेकिन दिग्वेश राठी ने अपने पहले सत्र में 12 लेकर प्रभावित किया है। चोटिल मयंक यादव की जगह न्यूजीलैंड के विलियम ओ राउरकी के टीम में आने से गेंदबाजी में पैनापन आयेगा। टीम हालांकि तेज गेंदबाजी में अनुभवी शारदुल ठाकुर, आवेश खान और आकाश दीप से बेहतर प्रदर्शन चाहेगी।

### पूरन नहीं बना पा रहे रन

लखनऊ की टीम हालांकि अपने मुख्य बल्लेबाज निकोलस पूरन (410 रन) से भी एक बार फिर से अच्छा प्रदर्शन चाहेगी। वह शुरुआती पांच-छह मैचों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बाद वह प्रभावित करने में नाकाम रहे। पूरन के अलावा टीम को अपने शीर्ष तीन क्रम में शामिल दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम (348 रन) और मिचेल मार्श (378) से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। मध्यक्रम में आयुष बडोनी (326 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभावी खेल नहीं दिखा पाया है।

खास खबर

## मनिका, मानव विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे



**दोहा।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने रविवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि मानव ठक्कर ने भी अपने एकल अभियान की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की। बाईसवीं वरीयता प्राप्त मनिका ने महिला एकल मुकाबले में नाइजीरिया की फातिमा बेलो पर 4-0 (11-5, 11-6, 11-8, 11-2) से शानदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला सिर्फ 24 मिनट तक चला। अंतिम 64 दौर में उनके सामने कोरिया की पार्क गाहियोन की चुनौती होगा। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष एकल खिलाड़ी ठक्कर ने भी शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में न्यूजीलैंड के टिमोथी चोई को 4-1 (11-3, 11-8, 6-11, 11-7, 14-12) से हराया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 5 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 13 | 3 | 10 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |



ऑरेंज कैप — साइ सुदर्शन — 617 रन — गुजरात

पर्पल कैप — प्रसिद्ध कृष्णा — 21 विकेट — गुजरात

आईपीएल : नेहाल-शशांक ने ठोका तूफानी अर्धशतक

# पंजाब जीत से प्लेऑफ के करीब, 17 अंक से नंबर-2, बरार बने हीरो

एजेंसी ▶▶| जयपुर

पंजाब किंग्स की टीम नेहाल वढेरा और शशांक सिंह के आतिशी अर्धशतकों के बाद बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ के तीन विकेट की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हराकर प्लेऑफ के करीब पहुंच गई। इस जीत से पंजाब किंग्स के 12 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरह 17 अंक हो गए हैं। इससे वह 2014 के बाद पहली बार तालिका में शीर्ष दो स्थान की दौड़ में शामिल है। कोच रिकी पोंटिंग की टीम को प्लेऑफ स्थान सुनिश्चित करने के लिए महज एक और अंक की जरूरत है।

पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए वढेरा (70 रन) और शशांक (नाबाद 59 रन) के आतिशी अर्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 219 रन बनाए। वढेरा ने महज 37 गेंद की पारी में पांच चौके और पांच छक्के जड़े। यह उनका आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। उनके अलावा शशांक सिंह ने 30 गेंद की नाबाद पारी के दौरान पांच चौके और तीन छक्के जमाए। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की जगह उतरे बराड़ ने गजब की गेंदबाजी की और 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे राजस्थान रॉयल्स की टीम सात विकेट पर 209 रन ही बना सकी।





### पावरप्ले का तूफान बेकार

राजस्थान की अपने घरेलू दर्शकों के सामने आखिरी मैच में जीत की उम्मीद पूरी नहीं हो सकी जबकि उसने लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (50 रन) और ध्रुव जुरेल (53 रन) के अर्धशतक के बावजूद राजस्थान की टीम सात विकेट पर विकेट पर 209 रन ही बना सकी जबकि पावरप्ले में टीम इस आईपीएल में 89 रन बनाकर अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी (40 रन) ने पहले विकेट के लिए 29 गेंद में 76 रन की भागीदारी निभाकर अच्छी शुरुआत की।

### हेड को हुआ कोरोना आज करेंगे वापसी

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के लिए बुरी खबर आई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हेड कोच डेनियल विटोरी ने बताया कि ट्रेविस हेड को कोरोना हो गया है। इसके चलते उनकी भारत वापसी में देरी हुई है। हालांकि, यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज को संक्रमण कब और कहां हुआ।


### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आर्य का हेटमायर बो देशपांडे | 09 | 07 | 1 | 0 |
| प्रभसिमरन का सैमसन बो देशपांडे | 21 | 10 | 3 | 1 |
| ओवेन का सैमसन बो मफाका | 00 | 02 | 0 | 0 |
| वढेरा का हेटमायर बो मधवा | 70 | 37 | 5 | 5 |
| अय्यर का जायसवाल बो पराग | 30 | 25 | 5 | 0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 59 | 30 | 5 | 3 |
| अजमतुल्लाह उमरजई नाबाद | 21 | 09 | 3 | 1 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 219/5
गेंदबाजी : फारुकी 3-0-39-0, देशपांडे 4-0-37-2, मफाका 3-0-32-1, पराग 3-0-26-1, हसारंगा 3-0-33-0, मधवाल 4-0-48-1

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का ओवेन बो बराड़ | 50 | 25 | 9 | 1 |
| सूर्यवंशी का बार्टलेट बो बराड़ | 40 | 15 | 4 | 4 |
| सैमसन का यानसेन बो उमरजई | 20 | 16 | 1 | 1 |
| रियान पराग बो बराड़ | 13 | 11 | 0 | 1 |
| ध्रुव जुरेल का ओवेन बो यानसेन | 53 | 31 | 3 | 4 |
| हेटमायर का बार्टलेट बो उमरजई | 11 | 12 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे नाबाद | 07 | 07 | 0 | 0 |
| हसारंगा का प्रभसिमरन बो यानसेन | 00 | 01 | 0 | 0 |
| क्वेना मफाका नाबाद | 08 | 02 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 209/7
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-60-0, यानसेन 3-0-41-2, बार्टलेट 1-0-12-0, बराड़ 4-0-22-3, चहल 4-0-30-0, उमरजई 4-0-44-2



साई सुदर्शन

108 रन
61 गेंद
12 चौके
04 छक्का

## दिल्ली को 10 विकेट से रौंदकर टाइटंस शान से प्ले ऑफ में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन के शतक और कप्तान शुभमन गिल के साथ उनकी अटूट दोहरी शतकीय साझेदारी से गुजरात टाइटंस ने लोकेश राहुल के शतक पर पानी फेरते हुए रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 10 विकेट से रौंदकर अंक तालिका के शीर्ष पर जगह बनाई और इंडियन प्रीमियर लीग प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया। लगातार तीन जीत के साथ टाइटंस के 12 मैच में 18 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स भी समान 12 मैच में 17-17 अंक के साथ प्ले ऑफ में पहुंची। दिल्ली की टीम 12 मैच में 13 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है और उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह मुश्किल होती जा रही है। दिल्ली ने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज की है। अब अंतिम प्ले ऑफ स्थान के लिए दिल्ली और चौथे स्थान पर चल रहे मुंबई इंडियन्स (14 अंक) के बीच मुकाबला है। राहुल ने 65 गेंद में चार छक्कों और 14 चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक पोरेल (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 और कप्तान अक्षर पटेल (25) के साथ तीसरे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की जिससे दिल्ली ने तीन विकेट पर 199 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

### खबर संक्षेप




### खेलो इंडिया : स्कूली खेल मार्शल आर्ट की शुरुआत

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को खेलो इंडिया पहल के दायरे को व्यापक बनाने की घोषणा की जिसमें इस साल से स्कूली खेल, मार्शल आर्ट, तटीय खेल और 'वाटर स्पोर्ट्स' शामिल होंगे। खेलो इंडिया का वार्षिक कैलेंडर लॉन्च करते हुए मांडविया ने कहा कि सरकार जल्द ही खेलो इंडिया खेलों और अन्य प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला शुरू करेगी जिसमें खेलो इंडिया 'नॉर्थ-ईस्ट गेम्स' भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना, जमीनी स्तर पर प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देना और प्रतिभाओं की पहचान के लिए साल भर के लिए रणनीतिक कार्यक्रम प्रदान करना है।

### ईसीबी ने डेटा विश्लेषकों को बर्खास्त किया: रिपोर्ट

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से कुछ सप्ताह पहले अपने डेटा विश्लेषकों फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को बर्खास्त कर दिया क्योंकि मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम अंतर्मन पर अधिक भरोसा करना चाहते हैं। इंग्लैंड का नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र 20 जून को हेडिंग्ले में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से शुरू होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'इंग्लैंड के दो वरिष्ठ क्रिकेट विश्लेषक नाथन लेमन और फ्रेडी वाइल्ड टीम का साथ छोड़ने जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम आगे चलकर डेटा पर अधिक ध्यान नहीं देगी।'




### दीक्षा नौवें पायदान पर 3 भारतीयों ने बनाई कट

**हिल्वरसम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर डच लेडीज ओपन के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से नौवें पायदान पर है। दीक्षा ने आखिरी छह होल में तीन बर्डी और एक बोगी लगाई जिससे उनका कुल स्कोर तीन अंडर का है। अन्य भारतीयों में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर की नंबर एक खिलाड़ी हिताक्षी बक्शी ने 73 का कार्ड खेला।



हरभजन का बड़ा दावा

## असली फैन तो धोनी के, बाकी सोशल मीडिया वाले तो फर्जी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महेंद्र सिंह धोनी सिर्फ एक क्रिकेटर नहीं हैं। पूर्व भारतीय कप्तान करोड़ों लोगों के लिए एक भावना बन चुके हैं। पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी के फैंस को लेकर बड़ी बात कही है। भज्जी के अनुसार सिर्फ धोनी के फैंस ही असली हैं। धोनी ने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। तब से वह सिर्फ आईपीएल में ही खेलते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस उन्हें प्यार से थाला कहते हैं और उनका जबरदस्त क्रेज है। जब भी धोनी बल्लेबाजी करने मैदान में उतरते हैं, तो स्टेडियम तालियों और शोर से गूंज उठता है। पीली जर्सी से भरे स्टैंड्स का नजारा किसी त्योहार से कम नहीं होता।

फैंस बस एक झलक पाने के लिए पागल हो जाते हैं और शोर का स्तर आसमान छूने लगता है। चाहे चेन्नई में हो या किसी और शहर में, जब सीएसके का मैच होता है और धोनी मैदान पर होते हैं, तो स्टेडियम खचाखच भर जाता है। घरेलू टीम से ज्यादा फैंस चेन्नई सुपर किंग्स के आते हैं। ये सब कुछ महेंद्र सिंह धोनी की वजह से ही होता है।

### सिर्फ धोनी के फैंस ही सच्चे

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी के फैंस को लेकर बड़ी बात कही है। भज्जी के अनुसार सिर्फ धोनी के फैंस ही असली हैं। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा- अगर किसी खिलाड़ी के असली फैन हैं, तो वो धोनी के हैं। बाकी तो आजकल सोशल मीडिया पर आधे फैन तो पैसे देकर बनाए जाते हैं। कितना बचा हुआ है और जब तक दम है खेलो भाई। अगर मेरी टीम होती तो मैं कुछ और फैसला लेता। लेकिन बात साफ है कि फैन तो चाहेंगे कि वो खेले, क्योंकि उनके फैन सच्चे हैं। सीएसके के फैन जो हैं, वो असली हैं। बाकी जो सोशल मीडिया पर दिखाई देते हैं, उनके नंबरों को छोड़िए, उन पर कभी बैठकर बात करेंगे। इस बार देखा जाए तो धोनी ने ठीक-ठाक खेला है। हरभजन सिंह की बातें सुनकर उनके साथ बैठे आकाश चोपड़ा भी सहमत थे। उन्होंने कहा- इतना भी सच नहीं बोलना था।

## बाबर और रिजवान की टी20 टीम में हो वापसी

**कराची।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के नए कोच माइक हेसन चयनकर्ताओं द्वारा टी20 प्रारूप के लिए नजरअंदाज किये गये अनुभवी बल्लेबाजों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के करियर को खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में एक बार फिर से परखना चाहते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि हेसन ने इस सप्ताह चयनकर्ताओं से बातचीत में बाबर और रिजवान की टी20 टीम में वापसी की वकालत की है। इन दोनों पूर्व कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों को अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए बाहर कर दिया गया था। न्यूजीलैंड दौरे से पहले रिजवान को राष्ट्रीय टी-20 कप्तान के पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह सलमान अली आगा को कप्तान बनाया गया था। न्यूजीलैंड में पाकिस्तान की टीम 1-4 से हार गई थी। उससे पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में भी उसे हार सामना करना पड़ा था।



## भारत में खेलने के लिए वीजा गारंटी चाहता है पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान हॉकी महासंघ चाहता है कि एशियाई हॉकी महासंघ भारत में 27 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए उसके दल के लिए वीजा की गारंटी दे। यह जानकारी पीएचएफ के एक अधिकारी ने दी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव के कारण राजगीर (बिहार) में होने वाले टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी गंभीर संदेह में है और हॉकी इंडिया ने कहा है कि वह इस मामले पर सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी लेकिन हम इस मुद्दे पर सरकार के निर्देशों का पालन करेंगे, जैसा कि पहले भी होता रहा है। हाल ही में पहलगाम में हुए बर्बर हमले और उसके बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद हम अभी कुछ भी भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं।' पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एशिया कप पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है।



### भांबरी और गैलोवे बोर्डो चैलेंजर में बने उपविजेता

**नई दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे रविवार को यहां बोर्डो में एटीपी चैलेंजर स्पर्धा के रोमांचक खिताबी मुकाबले की चुनौती से निपटने में नाकाम रहे। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय और अमेरिकी खिलाड़ियों की जोड़ी पुर्तगाल के फ्रांसिस्को कैब्राल और ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-7(1), 6-7(2) से हार गई। भारत के एन श्रीराम बालाजी और सुमित नागल इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट का हिस्सा थे लेकिन वे अपने-अपने मुकाबलों में अलग-अलग चरणों में हार गए।



भारत के पूर्व कोच शास्त्री का फैसला साबित हुआ 'मास्टर स्ट्रोक'

# रोहित के मध्यक्रम में ऊबने पर बनाया सलामी बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते समय ऊब जाते थे इसलिए उन्होंने 2019 में 'हिटमैन' को सलामी बल्लेबाज बनाने का फैसला किया।

शास्त्री का यह फैसला 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हुआ और इसने पारंपरिक प्रारूप में रोहित के करियर को नया मोड़ दिया। शास्त्री 2017 में भारत के मुख्य कोच बने और 2021 में उन्होंने राहुल द्रविड़ को कमान सौंप दी। उनके चार साल के कार्यकाल के दौरान रोहित भारत के सबसे आक्रामक टेस्ट सलामी बल्लेबाज में से एक बन कर उभरे।

### 2019 विश्व कप में किया पारी का आगाज

रोहित ने हाल ही में खेल के इस पारंपरिक प्रारूप को अलविदा कह दिया। उन्होंने अपने शानदार करियर में 67 मैचों में 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 4,301 रन बनाए। शास्त्री ने कहा कि उन्होंने 2019 विश्व कप के दौरान ही रोहित का इस्तेमाल टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में करने का फैसला कर लिया था। वह इस विश्व कप में पांच शतक और 81 की औसत से 648 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि उन्होंने तत्कालीन कप्तान विराट कोहली के साथ रोहित को सलामी बल्लेबाज के तौर पर आगे बढ़ाने के विचार पर चर्चा की थी। रोहित को तुरंत सफलता मिली, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शीर्ष क्रम में अपने पहले टेस्ट में दो शतक जड़े।



### पहली बार पारी का आगाज करते बनाया शतक

शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, 'चार, पांच नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यह लड़का ऊब जाता था। मैंने फिर इस पर विचार करना शुरू किया कि वह वनडे क्रिकेट में इतना सफल क्यों है? वह बल्लेबाजी के लिए मैदान पर जल्दी जाना पसंद करता है। मैंने सोचा कि अगर उसे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा जाए तो उसके पास तेज गेंदबाजों को खेलने, शॉट लगाने के लिए पर्याप्त समय होगा। मैं अगर गलत नहीं हूं तो यह फैसला अगस्त 2019 में लिया गया था। उस विश्व कप के बाद। विश्व कप में उसने शानदार बल्लेबाजी की थी। इसलिए उनका फॉर्म बहुत अच्छा था। उसने इसके बारे में कुछ समय तक विचार किया होगा। वह इससे असहज नहीं था। उसने पारी का आगाज करते हुए अपने पहले टेस्ट मैच में शतक जड़ा था। मैं अगर गलत नहीं हूं, तो उन्होंने पहली पारी में 100 रन बनाए और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा क्योंकि वह इसका लुत्फ उठाने लगा था।'

चिंतन

# आतंकवाद के पोषक देश पाक की घेराबंदी जरूरी

पाकिस्तान की माली हालात किसी से छिपी नहीं है। कौन नहीं जानता कि बीते साल की अंतिम तिमाही के दौरान अगर कर्ज नहीं मिलता तो पाकिस्तान दिवालिया हो चुका होता। हालांकि अब उसके हालात में कुछ सुधार है, लेकिन ऐसा तो कतई नहीं है कि खजाना भर चुका है और वो जो चाहे कर सकता है। वर्तमान में भी पाकिस्तान पर विदेशी कर्ज का शिकंजा इतना कड़ा है कि वो कभी भी फिर से दलदल में फंस सकता है। विदेशी कर्ज बढ़कर 7.3 लाख करोड़ हो चुका है जबकि देशी कर्ज का आंकड़ा 14.3 लाख करोड़ को पार कर गया है। वहां पैदा होने वाले हर बच्चे के सिर पर 86.5 हजार रुपये कर्ज है। इतना होने के बावजूद पाक हुकूमत है कि सुधरने का नाम नहीं ले रही। वो कर्ज लेकर आतंकियों के पोषण में लगी है। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद समेत न जाने कितने आतंकी समूह हैं जिन्हें पाक सरकार पाल-पोस रही है। लश्कर-ए-तैयबा ने 21 देशों में पहचाने गए भर्ती नेटवर्क के साथ अंतरराष्ट्रीय पहुंच बना रखी है। संगठन का टारगेट किसी भी तरह से भारत में अशांति पैदा करना है। इसका नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय आतंकी हाफ़िज़ मुहम्मद सईद करता है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद वह पाकिस्तान में सक्रिय है। बाकायदा उसे वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाता है। इसी गुट में ज़फ़र इक़बाल, मुहम्मद याह्या मुजाहिद और ज़कीउर रहमान लखवी भी शामिल हैं। लखवी 2008 में मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड में से एक था। लेकिन पाक सरकार ने उसे खूब संरक्षण दिया। ऐसे ही पाक सरकार के नापाक इरादों के कारण जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी गुट फल फूल रहे हैं। हैरत की बात है कि पूरी दुनिया को पाक के आतंकी नेटर्वक की जानकारी होने के बावजूद इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने उसे कर्ज जारी कर दिया, लेकिन देर आए दुरुस्त आए। अब आईएमएफ ने पाकिस्तान को भारत के साथ बढ़ते तनाव पर चेतावनी दी है। संगठन ने कहा कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो पाकिस्तान के एक बिलियन डॉलर (करीब 8,542 करोड़) के बेलआउट प्रोग्राम की अगली किस्त रोकी जा सकती है। साथ ही, लोन की अगली किश्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई गई हैं। अब लोन के लिए पाकिस्तान पर कुल शर्तें 50 हो गई हैं। आईएमएफ ने कहा कि अगर तनाव जारी रहा या और बढ़ा, तो पाकिस्तान का रक्षा बजट लोन पर बोझ बन सकता है। ये पहले ही 12 फीदसी बढ़कर 2.414 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपया हो चुका है और पाक सरकार इसे 18 प्रतिशत बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपया करने पर अड़ी है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने 9 मई को पाकिस्तान को 1.4 बिलियन डॉलर (करीब 12 हजार करोड़) का नया लोन दिया था, लेकिन अब लोन की अगली किश्त के लिए नई शर्तों को जोड़ा गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आईएमएफ अपने इस फैसले पर सख्ती से अमल करेगा। इसके अलावा आतंकी फंडिंग पर निगाह रखने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था एफएटीएफ भी उसे ग्रे से काली सूची में डालेगा। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तान की घेरेबंदी जारी रहे। अगर वह आतंक का रास्ता न छोड़े तो उसे एफएटीएफ की काली सूची में अवश्य डाला जाए। जैसे भारत की आपत्ति के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने सख्ती दिखाई है, उसी तरह एफएटीएफ को भी सचेत किया जाना चाहिए ताकि वो पाक को ईरान और उत्तर कोरिया की तरह अलग-थलग करे। अगर ऐसा हुआ तो पाकिस्तान खुद ही अपने बोझ से टूटकर बिखर जाएगा।



कूटनीति
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# शशि थरूर पर हंगामा क्यों है बरपा

मोदी सरकार का निर्णय है कि ऑपरेशन सिंदूर और भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेगा। इस विशेष पहल को लेकर पॉलिटिक्स इसलिए हो रही है क्योंकि भारत के प्रधान मंत्री ने जिन सात लोगों को विशेष नेतृत्व करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी, उसमें शशि थरूर का नाम कैसे सम्मिलित हो गया। यद्यपि सर्वविदित है कि शशि थरूर अच्छे डिप्लोमेट हैं। वह भारत के विदेश राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह विश्व की डिप्लोमेटिक स्थिति को भली प्रकार समझते हैं और अपनी बात भारत के पक्ष में रखने के लिए सबसे सशक्त व्यक्तित्व हैं।

भारत की नरेंद्र मोदी सरकार ने विश्व के विविध देशों में भारतीय प्रतिनिधियों को भेजकर यह सन्देश देने का बीड़ा उठाया है कि हम पाकिस्तान के गलत इरादे को अब कामयाब नहीं होने देंगे। पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधि, युद्ध परस्त नीति एवं हिंसक सत्ता को इस प्रकार विश्व स्तर पर उजागर करने का यह इनिशिएटिव पूरे भारत में प्रशंसा बटोर रहा है। सरकार का निर्णय है कि ऑपरेशन सिंदूर और भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेगा।

यह प्रतिनिधिमंडल सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ शून्य-सहिष्णु बनाने के देश के मजबूत संदेश को आगे बढ़ाएगा। विभिन्न दलों के संसद सदस्य, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और प्रतिष्ठित राजनयिक में बतौर टीम लीडर जो नाम उभरकर आया है, उसमें सम्मिलित हैं शशि थरूर, कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद, भाजपा, संजय कुमार झा, जदयू, बैजयंत पांडा, भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि, डीएमके, सुप्रिया सुले, एनसीपी, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शिव सेना। सरकार की इस पहल की प्रशंसा होनी भी चाहिए, क्योंकि जिस प्रकार से तुर्किये और चीन की छांव पाकर पाकिस्तान भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और उस पर कार्रवाई भारत करे तो युद्ध करने को तैयार है, वह निंदनीय भी है और उसकी नीति को उजागर करना भी ज़रूरी है। इस विशेष पहल को लेकर पॉलिटिक्स इसलिए हो रही है क्योंकि भारत के प्रधान मंत्री ने जिन सात लोगों को विशेष नेतृत्व करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी, उसमें शशि थरूर का नाम कैसे सम्मिलित हो गया। यद्यपि पूरे भारत और विश्व को विदित है कि शशि थरूर अच्छे डिप्लोमेट हैं। वह भारत के विदेश राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह विश्व की डिप्लोमेटिक स्थिति को भली प्रकार समझते हैं और अपनी बात भारत के पक्ष में रखने के लिए सबसे सशक्त व्यक्तित्व हैं। उन्होंने असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया है। भारत की विदेश नीति के लिए वह केवल सशक्त हस्ताक्षर नहीं हैं अपितु उन्हें एक अच्छे वक्ता, लेखक के रूप में जाना जाता है तो वह भारतीय संस्कृति व सभ्यता के सशक्त संरक्षक भी हैं, यह भी देश को समझना चाहिए। इसलिए नरेंद्र मोदी ने शशि थरूर को अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को लीड करने की जो जिम्मेदारी दी है, वह निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। इस चयन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें इस बात का भान है कि कौन सा व्यक्ति अमेरिका में जाकर भारत का मजबूती से पक्ष रख सकता है और वहां भारत का झंडा ऊंचा करके आ सकता है। विगत दो-तीन सप्ताह में भारत और अमेरिका के संबंध बहुत स्थिर नहीं रहे। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद इतनी बार बयां बदले और इतने तरीके से रंग बदले कि भारत ही नहीं पूरा विश्व कन्फ्यूज है कि ट्रंप कहना क्या चाहते हैं और वास्तविकता है क्या? उन्होंने अपने अंतिम इंटरव्यू फॉक्स न्यूज में यह कह दिया कि सीज फायर तो हमने ही करवाई है लेकिन भारत उन्हें श्रेय नहीं देना चाहता। उसके पहले उन्होंने न जाने कितनी जगह जाकर भारत



के बारे में जो मन में आया खूब उसे प्रचारित व प्रसारित किया। वह गुस्से में आकर यह भी कहने लगे कि एप्पल के प्रोजेक्ट को हम खींच रहे हैं। व्यापक पैमाने पर जब यह ख़बरें गयी तो विश्व में यह सन्देश गया कि भारतीय डिप्लोमेसी ट्रेड डील को भी शायद गंवा देगी। ऐसी स्थिति में यदि नरेंद्र मोदी ने शशि थरूर को अमेरिकी भूमि पर जाकर भारतीय पक्ष को रखने की जिम्मेदारी दी है तो यह उनकी अपनी सूझबूझ है। इस पर कांग्रेस सरकार का पलटवार है और भारत में शशि थरूर पर भी प्रश्नों की बौछार है लेकिन शशि थरूर एक सुलझे हुए ऐसे व्यक्तित्व हैं जो यह जानते हैं कि उनके लिए नेशन फर्स्ट का अर्थ क्या है और उन्हें इस स्थिति में क्या करना चाहिए। शशि थरूर ने जो यह कहा कि हमें सरकार ने यदि जिम्मेदारी दी है तो मैं अपने दायित्व का निर्वहन करूंगा और हमारे लिए नेशन फर्स्ट है उसके बाद हम पॉलिटिकल पार्टी को कुछ समझते हैं। निःसंदेह किसी भी आम भारतीय नागरिक का यही बयान होना चाहिए जहां देश की बात आ जाए। अब कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट यह है कि शशि थरूर का नाम उसने नहीं भेजा था। उनके नाम को कहां से आगे लाया गया और जिस नाम को भेजा गया उन्हें क्यों सरकार ने तरजीह नहीं दी। कांग्रेस का संकट यह है कि कि उसके तो ब्रांड अंबेसडर शर्मा व गोगोई थे फिर शशि थरूर का नाम क्यों आगे लाया गया? शशि थरूर को भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार ने क्यों अमेरिका में डेलिगेशन को लीड करने की जिम्मेदारी दी? लेकिन कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि शशि थरूर अमेरिकी सरकार के सामने मजबूती से अपनी बात को रख सकते हैं तो वह भारत की ज़रूरत हैं। उसे रिएक्ट नहीं करना चाहिए। यदि सही राजनीति आती तो कांग्रेस को एक पत्र लिखकर यह कहना चाहिए था कि मोदी जी आपने बहुत अच्छा निर्णय लिया। शशि थरूर ही सही ज़वाब दे सकते हैं अमेरिकी ट्रंप सरकार को और वही सही से पाकिस्तान की नकारात्मक कार्रवाइयों को सही से लच्छेदार भाषा में उजागर भी कर सकते हैं। लेकिन यह बड़े दिल को प्रत्यारोपित करके कांग्रेस से करवाया नहीं जा सकता। यदि नेहरू या इंदिरा होते तो ज़रूर शशि थरूर के नाम को आगे बढ़ने पर ख़ुशी ज़ाहिर करते। भारत वास्तव में अब जिस ओर बढ़ गया है उसके परिणाम आने वाले एक साल बाद दिखेंगे। सरकार का यह मानना है कि हम विश्व में पाकिस्तान को एक्सपोज करेंगे और भारत के बारे में अच्छी छवि गढ़ेंगे। यह ठीक है लेकिन यह एक बार डेलिगेशन के चले जाने से बहुत फर्क पड़ने वाला नहीं है। यह एक निरंतर गतिविधि का हिस्सा बनना चाहिए और कायदे से नरेंद्र मोदी सरकार को अब यह चाहिए कि वह इस अभियान को लगातार बनाए रखे। यह इसलिए भी ज़रूरी है क्योंकि डेलीगेशन एक आंधी की भांति हो सकता है। कुछ समय के लिए अपनी हवा का असर डाल दे लेकिन हमेशा वह कैसे बना रहा सकता है, इस पर विचार होना चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार को इस डेलीगेशन के माध्यम से केवल पाकिस्तान को टार्गेट नहीं करना चाहिए अपितु उसे संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदयता व वीटो पॉवर के लिए भी भारतीय दृष्टि स्पष्ट करनी चाहिए। अपने शांति व सौहार्द की नीति के साथ उसे यह भी विश्वास जीतने की कोशिश करनी चाहिए कि जिन देशों में भारतीय शिष्टमंडल जाए, वह यह भी कहे कि यदि भारत को वीटो पॉवर मिलती है तो वह सहयोगी देशों में भी अमन व शांति के स्थाई विकास के लिए कार्य कर सकेगा। जो भी हो, दृष्टि व दूरदर्शिता से ही भारत अपने लक्ष्य को उपलब्धियों में बदल सकता है। शशि थरूर इसमें सरकार के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी बन सकते हैं। सकारात्मक होकर सोचें तो हंगामा करने की जगह सहयोग व प्रसन्नता को अभिव्यक्त करके देखें, निश्चय ही वह अपने देश की प्रसन्नता की बात होगी।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

बयानबाज़ी
डा. चन्द्र त्रिखा



# विकृत मानसिकता वाले नेताओं पर लगे अंकुश

कभी-कभी लगता है कि हमारे आसपास ऐसे राजनेताओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है जो अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। मध्यप्रदेश के एक मंत्री और उत्तरप्रदेश के एक वरिष्ठ राजनेता के बयान ऐसा साफ संकेत दे रहे हैं कि राजनेताओं के एक वर्ग ने भाषा की मर्यादा व गरिमा को तार-तार करने का बीड़ा उठा लिया है। मीडिया के समक्ष भी ढेरों महत्वपूर्ण विषय थे, 'कवरेज' और विश्लेषण के लिए, मगर चंद असंतुलित मानसिकता वाले नेताओं ने मीडिया की उस 'स्पेस' पर भी डाका डाल लिया। मध्यप्रदेश के एक चर्चित मंत्री को तत्काल नकेल डालने के प्रयास केंद्र की ओर से होते तो शायद उत्तरप्रदेश व बिहार के कुछ नेताओं को बेलगाम ज़हरीले बोल बोलने का साहस न होता। हाईकोर्ट के जिस न्यायधीश ने बड़बोले मंत्री के खिलाफ 'एफआईआर' दर्ज करने का आदेश दिया, उसे अपने आदेश में यह भी जोड़ना पड़ा कि 'हो सकता है कि कल मैं न रहूं, आगामी चार घंटों में ही आदेश का पालन हो'। ऐसी गंभीर टिप्पणी के बाद भी जिस तरह की गोलमोल 'एफआईआर' दर्ज हुई, उससे पता चलता है कि हम किस तरह के माहौल में जी रहे हैं। कभी-कभी लगता है कि हमारा पूरा परिवेश मंटो की एक कहानी 'टोबा टेक सिंह' के पात्रों सरीखा बर्ताव करने लगा है। हमारा देश अपनी राष्ट्रीय अखण्डता की रक्षा व मर्यादा के लिए पूरी गंभीरता से जूझ रहा है, प्रधानमंत्री के साथ-साथ हमारे विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और गृहमंत्री एक महत्वपूर्ण बिन्दु पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, इधर, कुछ मर्यादाविहीन राजनेता राष्ट्रीय गरिमा पर खरोंचे डालने में लगे हैं। ऐसे मामलों में कोई भी छूट संभव नहीं। मीडिया को भी ऐसी बाज़ारू-सियासत की 'कवरेज' की सीमाएं तय करनी होंगी। एक सुखद पहलू यह है कि अतीत में शशि थरूर व ओवैसी सरीखे कतिपय मुस्लिम नेता भले ही अपने बयानों में कुछ गैर-ज़िम्मेदाराना टिप्पणियां देते रहे हों, मगर इस बार पहलगाम-प्रकरण के मध्य उन्होंने भी इस बात को पूरी गंभीरता से महसूस किया कि बड़बोलेपन की 'रौ' में यदि उनकी तरफ से कोई गैर-जिम्मेदाराना बयानबाज़ी होती है तो उनकी अपनी ही छवि विकृत होगी। विकृत मानसिकता वाले तत्वों के विरुद्ध तात्कालिक अंकुश की ज़रूरत है और विशेष रूप से जब ऐसी मानसिकता वाले लोग उच्च पदों पर आसीन हों। यह मानसिकता भी उतनी ही ज्यादा खतरनाक है, जितना कि आतंकवाद। दोनों के साथ राष्ट्र की गरिमा व सुरक्षा जुड़ी हुई है। इस प्रकरण का एक दुखद पहलू यह भी है कि मध्यप्रदेश के जिस मंत्री के विवादित व बेलगाम बोल से हंगामा आरंभ हुआ था, आठ बार चुनाव जीत चुके हैं। इतनी लम्बी सियासी पारी के बावजूद वह अपनी वाणी को लगाम नहीं दे पाए। अब उनका नया वक्तव्य भी चौकाने वाला है। सर्वोच्च न्यायालय में खिंचाई के बाद अब वह सफाई देने में लगे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और उनका मकसद कर्नल कुरैशी की बहादुरी की प्रशंसा करना था। कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी सगी बहन से भी बढ़कर हैं। वह माफी भी मांग रहे हैं, तो साफ है कि उनका पद खतरे में है। अगर वह पहले ही सावधानी बरतते या गलती होते ही माफी मांग लेते तो मामला इतना नहीं बढ़ता। आज के नेताओं की आदत सी बन गई है कि एक गलती या झूठ छिपाने के लिए वे गलतियों और झूठ का अंबार लगा देते हैं। क्या यह सत्ता का अहंकार है? संसद में गलती एक बार अटल बिहारी वाजपेयी से भी हुई थी, उन्होंने तत्काल सुधार करते हुए कहा था कि चमड़े की जुबान है, फिसल जाती है। बेशक, अच्छा नेता वही होता है जो गलतियां नहीं करता और अगर गलती हो जाए तो तत्काल सुधारता है। जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि उनके अच्छे-बुरे बोल व गलत-सही कारनामे इतिहास में दर्ज हो रहे हैं। पहले केवल शब्द वायरल होते हैं, पर अब शब्द के साथ वीडियो भी वायरल होता है। बेकाबू व मर्यादाहीन बयानबाज़ी वस्तुतः हमारी आज की राजनीति की एक कटु सच्चाई बन चुकी है। सिर्फ चर्चा में बने रहने के लिए यह जरूरी माना जाता है कि उल्टे सीधे बयान दाग दिए जाएं। छपास का यह रोग भी एक खतरनाक वायरस से कम नहीं है। मगर इसका 'एंटी वायरस' केवल पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के पास ही है। यदि तात्कालिक चेतावनी या कार्यवाही हो जाती तो बात इतनी न बिगड़ती। मगर भाषा की मर्यादा के हनन पर कोई एफआईआर भी तो दर्ज नहीं हो पाती। सिलसिला अभी भी जारी है और यह विकृत मानसिकता, राष्ट्रीय दलों के राष्ट्रीय नेतृत्व व मीडिया के कर्णधारों से भी अंकुश की मोहताज है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं



संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## दो अनमोल हीरे



संकलित
प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊँट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊँट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुँचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियाँ के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बेतुकी बयानबाजी न करें सियासी नेता

कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर को कामयाब बनाने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मिशन के तहत आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना ने हमला किया। कर्नल सोफिया कुरैशी को सारे देश ने सराहा और उनके हौसले व जज्बे को सलाम किया। लेकिन मध्यप्रदेश के एक मंत्री ने सोफिया कुरैशी को लेकर जो बयान दिया, वो बहुत निंदनीय है। इस बयान को लिखने में भी हमें अच्छा नहीं लग रहा है। हालांकि इस मंत्री के बयान से इनकी पार्टी का हाईकमान भी नाराज दिख रहा है और हाइकोर्ट ने भी इसके लिए सख्ती दिखाई और मंत्री को गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया है। कुछ राजनेता देश के लिए कुछ खास तो करते नहीं, लेकिन ऐसी गलत बयानबाजी कर देते हैं जिससे देश के लिए कुछ करने वाले लोगों का हौसला कम होता है व उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचती है।

*– प्रकाश लकड़ा, कांकेर*

### करंट अफेयर

## ब्रिटिश पर्वतारोही ने 19वीं बार फतह किया एवरेस्ट


ब्रिटिश पर्वतारोही गाइड ने रविवार को 19वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की और उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर सबसे अधिक बार चढ़ाई करने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। ब्रिटिश पर्वतारोही, माउंट एवरेस्ट पर सबसे ज्यादा बार चढ़ाई करने वाले ऐसे व्यक्ति हैं, जो शेरपा नहीं हैं। 'हिमालयन गाइड्स नेपाल' के ईश्वरी पौडेल ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के रहने वाले 51 वर्षीय केंटन कूल ने रविवार को कई अन्य पर्वतारोहियों के साथ 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ाई की और उनका स्वास्थ्य अच्छा है तथा वे शिखर से नीचे उतर रहे हैं। 'हिमालयन गाइड्स नेपाल' ने अभियान में जरूरी सामान मुहैया कराया था। कूल ने पहली बार 2004 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी और तब से वे लगभग हर साल ऐसा करते आ रहे हैं। वह 2014 में एवरेस्ट पर चढ़ने में असमर्थ रहे थे क्योंकि 16 शेरपा गाइडों के हिमस्खलन में मारे जाने के बाद अभियान को रद्द कर दिया गया था। वर्ष 2015 में जब भूकंप के कारण हिमस्खलन हुआ था, तब 19 लोगों की मौत हो गयी थी। कोरोनावायरस महामारी के कारण 2020 में सत्र को रद्द कर दिया गया था। सैकड़ों पर्वतारोही और उनके गाइड वसंत मौसम में चढ़ाई के दौरान पहाड़ पर हैं, जिनमें से कई पहले ही सफल हो चुके हैं।



### ऑफ बीट

## रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

### ट्रेंड

#### शानदार उपलब्धि



दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई। यह उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून का नतीजा है। भारत को खुशी और गर्व है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

#### सार्थक व उपयोगी बातचीत



सागरमाथा संवाद के लिए नेपाल की यात्रा में 'जलवायु परिवर्तन, पर्वत और मानवता का भविष्य' पर सार्थक और उपयोगी बातचीत हुई। भारत अपने पर्वतों और अपने पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को उलट देता है। हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं

**-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री**

#### गहरी संवेदना व्यक्त



हैदराबाद में हुए भीषण अग्निकांड में कई लोगों की मृत्यु और अनेक के घायल होने का समाचार दुखद है। इस शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

#### यमुना की सफाई हो




नदी जीवन देती है, किसी का जीवन लेती नहीं है। भाजपा सरकार यमुना पर सिर्फ़ सियासत करेगी या नदी की सफ़ाई की जगह केवल फंड का सफ़ाया? यमुना नदी ताजमहल के पीछे बहती है, जहाँ दुनिया भर से टूरिस्ट आते हैं। दूषित नदी सरकार की छवि को भी दूषित कर रही है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

### पाक गोलाबारी की आड़ में घुसपैठ की कोशिश




**पुंछ।** पुंछ जिले की मंडी तहसील में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा से सटे सावजियां सेक्टर के छंबर किनारी क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। यह कार्रवाई उस समय शुरू की गई जब क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने की सूचना मिली। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इस गोलाबारी से आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश की गई है।

### पूर्व विधायक अमीन भट का डीपीएपी से इस्तीफा

**श्रीनगर।** पूर्व विधायक मोहम्मद अमीन भट ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) से इस्तीफा दे दिया। भट ने एक बयान में डीपीएपी से अपने इस्तीफे की घोषणा की।मोहम्मद अमीन भट 2014 में देवसर सीट से विधानसभा के लिए चुने गए थे। डीपीएपी के प्रांतीय अध्यक्ष भट ने गुलाम नबी आजाद के प्रति आभार व्यक्त किया।

### डूंगरपुर जिले में सड़क हादसे में 4 की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के डूंगरपुर जिले में शनिवार देर रात सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। यह दुर्घटना साबला थाना क्षेत्र में हुई। बताया गया कि शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार की जीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई जीप में सवार लोग घायल लोगों को एम्बुलेंस में बैठा रहे थे लेकिन तभी ट्रक उन्हें टक्कर मार दी।

### मुंबई में नौकरी के नाम पर 16.8 लाख की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लोगों से 16.8 लाख रुपए ठगने के आरोप में एक 'प्लेसमेंट एजेंसी' के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एजेंसी ने नौवहन से जुड़ी कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर यह राशि वसूली थी। एजेंसी ने भरोसा दिलाने फर्जी रोजगार समझौते और बॉण्ड भी सौंपे थे।

## बिहार विधानसभा चुनाव के पहले सियासी घमासान तेज

# नीतीश के करीबी रहे आरसीपी सिंह ने पीके से मिलाया हाथ

आरसीपी ने अपनी पार्टी 'आसा' का जन सुराज में विलय किया। सिंह प्रशांत किशोर की पार्टी में शामिल हो गए।



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में विधानसभा चनाव को लेकर राजनीतिक सियासत गरम हो गई है। बीते वर्ष 31 अक्टूबर 2024 को आरसीपी सिंह ने अपनी नई पार्टी 'आसा' बनाने की घोषणा की थी। मगर, इसके बाद से मोटे तौर पर वह राजनीति के हासिए पर चले गए थे। वे कभी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सबसे करीबी नेताओं में से एक माने जाने वाले केंद्रीय मंत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह अब दोबारा नई पारी शुरुआत कर दी है।

वह अब प्रशांत किशोर की जान सुराज पार्टी को मजबूत करेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले उनके जन सुराज में शामिल होने को बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है, क्योंकि रामचंद्र प्रसाद सिंह उर्फ आरसीपी सिंह भी एक दिग्गज कुर्मी नेता की पहचान रखते हैं।

### 2010 में आईएएस की नौकरी से वीआरएस लेकर राजनीति में आने

बता दें कि बीते 31 अक्टूबर 2024 को उन्होंने जब अपनी पार्टी 'आसा' की घोषणा की थी तो उन्होंने कहा था कि, "आज दीपावली है और दीप आशा जगाता है, इसलिए मैंने अपनी पार्टी का नाम 'आसा' रखा है। उन्होंने इस पार्टी का फुल फॉर्म भी बताया था-'आप सब की आवाज'। लेकिन, बिहार की बदले राजनीतिक परिदृश्य में आरसीपी सिंह अपना राजनीतिक अस्तित्व खोते नजर आ रहे थे। दरअसल, वर्ष 2010 में आईएएस की नौकरी से वीआरएस लेकर राजनीति में आने वाले आरपी सिंह ने सियासत की ऊंचाइयों को भी छुआ। एक समय में वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ जदयू के सर्वेसर्वा (अध्यक्ष) तक रहे। बाद में एनडीए की सरकार में केंद्रीय मंत्री भी बन गए। दरअसल, राजनीतिक ऊंचाई चढ़ने की अतिमहत्वाकांक्षा के कारण ही आरसीपी सिंह बाद के दौर में नीतीश कुमार की नजरों में गिरते गए और फिर भारतीय जनता पार्टी में भी वह किनारे होते गए।

### 31 अक्टूबर 2024 को अलग पार्टी 'आसा' बनाने की घोषणा की थी

इसके बाद फिर समय वर्ष 2022 का आया। तब जेडीयू एनडीए के ही साथ थी, लेकिन राज्यसभा सांसद रहे आरसीपी सिंह को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू के कोटे से दोबारा सदन नहीं भेजा। बात बढ़ती गई और सियासी अदावत भी। अगस्त 2022 में बिहार की राजनीतिक परिदृश्य में भी बदलाव हुआ और नीतीश कुमार राजद -कांग्रेस के गठबंधन के साथ हो लिए। इसके बाद आरसीपी सिंह ने वर्ष 2023 में बीजेपी का दामन थाम लिया। दरअसल, तब उन्हें लगता था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उन्हें टिकट दे सकती है। लेकिन, इसके पहले ही बिहार में फिर सियासी खेल हो गया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव से पहले फिर पाला बदलकर एनडीए में शामिल हो गए। राजनीति के जानकार कहते हैं कि नीतीश और भाजपा की करीबी के बीच भाजपा ने सिंह को लगभग भुला दिया। इसके बाद 31 अक्टूबर 2024 को अपनी अलग पार्टी 'आसा' बनाने की घोषणा की।

## शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाने के लिए 'तिरंगा यात्रा' में हिस्सा लिया

- कई करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

भाषा ▶▶ अहमदाबाद



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाने के लिए गुजरात के अहमदाबाद शहर के साणंद में रविवार को 'तिरंगा यात्रा' में हिस्सा लिया। तिरंगा थामे शाह ने नल सरोवर चौकड़ी से एकलिंगजी रोड पर महाराणा प्रताप चौक तक पैदल यात्रा की, जहां पहुंचकर उन्होंने 16वीं सदी के महान योद्धा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

पैदल यात्रा में भाग लेने वालों में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, स्थानीय विधायक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व कार्यकर्ता और यहां के प्राथमिक व माध्यमिक विभागों के शिक्षक और पदाधिकारी शामिल हुए। भाजपा की गुजरात इकाई द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि साणंद और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग, सामाजिक और राजनीतिक नेता 'तिरंगा यात्रा' में शामिल हुए तथा भारत माता की जय का नारा लगाया व सशस्त्र बलों के साहस और वीरता को सलाम किया। शनिवार से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर आए शाह ने विभिन्न कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया और कई करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

### इंदौर में मंत्रिपरिषद की बैठक : मोहन यादव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को कहा कि देवी अहिल्याबाई के 300वें जयंती वर्ष के समापन अवसर पर इंदौर के राजवाड़ा में मंगलवार को मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी, जहां कई जनहितैषी निर्णय लिए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक आजाद भारत में पहली बार होलकरकालीन ऐतिहासिक राजवाड़ा में मंत्रिपरिषद की बैठक हो रही है। आजादी के पहले यशवंतराव तृतीय ने राजवाड़ा के दरबार हाल में अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ बैठक की थी। मुख्यमंत्री यादव ने पोस्ट में कहा, पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई जी के चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम!

### राजनाथ ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से मुलाकात की



उपराष्ट्रपति सचिवालय ने धनखड़ और रक्षा मंत्री के बीच बैठक की तस्वीरें साझा कीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति के साथ सिंह की यह मुलाकात प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के धनखड़ से मुलाकात करने के कुछ दिन बाद हुई है। यह बैठक पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में हुई। रविवार को उपराष्ट्रपति का जन्मदिन भी है। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने धनखड़ और रक्षा मंत्री के बीच बैठक की तस्वीरें साझा कीं।

## सहयोगी दलों ने अलग होने का फैसला किया तो नवी मुंबई निकाय चुनाव अकेले लड़ेंगे: शिवसेना

**ठाणे (भाषा)।** महाराष्ट्र के ठाणे से शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने कहा है कि अगर सहयोगी दल अलग होने का फैसला करते हैं तो उनकी पार्टी नवी मुंबई महानगरपालिका चुनाव अकेले लड़ेगी। नवी मुंबई, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गढ़ रहा है। भाजपा, महायुति गठबंधन का हिस्सा है जिसमें शिवसेना के साथ-साथ अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) भी शामिल है। मुंबई और ठाणे सहित महाराष्ट्र के कई शहरों में नगर निकाय चुनाव 2022 की शुरुआत से लंबित हैं। अब तक चुनावों की कोई तारीख घोषित नहीं की गई है। म्हस्के ने शिवसेना की सभा को संबोधित करते हुए कहा, "यह चुनाव महायुति के रूप में लड़ा जाएगा और शिवसेना का भगवा झंडा नवी मुंबई महानगरपालिका पर लहराएगा। अगर कोई महानगरपालिका में शिवसेना-भाजपा गठबंधन में शामिल होने के लिए तैयार नहीं है, तो हम सभी इसे स्वतंत्र रूप से फहराने के लिए तैयार हैं। उन्होंने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि शिवसेना, गठबंधन में चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन अगर आप अलग से चुनाव लड़ना चाहते हैं, तो मेरे पार्षदों को हल्के में न लें क्योंकि हम आपके बराबर हैं। महाराष्ट्र के सीएम फड़णवीस ने 15 मई को कहा था कि उनकी सरकार समय पर महानगरपालिका चुनाव कराने की कोशिश करेगी और कहा कि महायुति गठबंधन एक साथ चुनाव लड़ेगा। फडणवीस ने पुणे में पत्रकारों से कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा, राकांपा और शिवसेना जहां भी संभव होगा।



- अब तक चुनावों की कोई तारीख घोषित नहीं : नरेश म्हस्के

# भाजपा जीत रही, विपक्ष नाकाम

## मोदी विरोधी मतों में सेंध लगाने के आरोप पर पलटवार

भाषा ▶▶ हैदराबाद



- बोले-विपक्ष मुस्लिम वोट को सिर्फ चुनावी लाभ के रूप में देखता है

हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा की लगातार चुनावी जीत को विपक्ष की विफलता और हिंदू मतदाताओं के एकजुट होने का परिणाम बताया है।

उन्होंने यह भी कहा कि उन पर मोदी विरोधी मतदाताओं के बीच सेंध लगाने का आरोप लगाना गलत है। ओवैसी ने कहा कि मुझ पर आरोप कैसे लगाया जा सकता है, बताइए?'यदि मैं 2024 के लोस चुनाव में हैदराबाद, औरंगाबाद, किशनगंज और कुछ अन्य सीटों पर चुनाव लड़ता हूं और भाजपा को 240 सीट मिलती हैं तो क्या मैं जिम्मेदार हूं?'ओवैसी ने कहा कि भाजपा सत्ता में आ रही है, क्योंकि विपक्ष नाकाम है। भाजपा चुनाव जीत रही है, क्योंकि इसने करीब 50 प्रतिशत हिंदू मतों को पक्ष में कर लिया है। विपक्ष द्वारा एआईएमआईएम पर मोदी विरोधी मतों में सेंध लगाने का आरोपों पर ओवैसी ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी दल मुस्लिम वोट को सिर्फ चुनावी लाभ के रूप में देखते हैं, जबकि उनके वास्तविक मुद्दों पर ध्यान नहीं देते। उन्होंने सवाल किया जब समाज के हर वर्ग को राजनीतिक नेतृत्व मिल सकता है, तो मुस्लिमों को क्यों नहीं?' यह पूछे जाने पर कि क्या उनका इशारा कांग्रेस की ओर है, उन्होंने कहा कि उनका इशारा बहुजन समाज पार्टी (बसपा), समाजवादी पार्टी (सपा) सहित सभी विपक्षी दलों और भाजपा की ओर है। ओवैसी ने कहा कि यादव नेता होंगे, मुसलमान भिखारी होंगे। ऊंची जाति के लोग नेता होंगे, मुसलमान भिखारी होंगे। यह कैसे उचित है, मुझे बताएं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के संस्थापक नेताओं ने देश के लिए एक सहभागी लोकतंत्र के रूप में कल्पना की थी, तो ''मुसलमानों की भागीदारी कहां है?''

### बसपा की राष्ट्रीय स्तरीय बैठक आयोजित

## माया ने फिर जताया भरोसा, भतीजे को मुख्य नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताया है। मायावती ने उन्हें पार्टी का मुख्य नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया है। दरअसल, आकाश आनंद रविवार को एक बार फिर बुआ मायावती के साथ नजर आए। आज मायावती ने सेंट्रल ऑफिस, लोधी रोड, दिल्ली में बसपा की एक राष्ट्रीय स्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें देश के हर राज्यों से आए पदाधिकारी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के सारे जिला अध्यक्ष, को-ऑर्डिनेटर भी शामिल हुए। अभी 03 मार्च को मायावती ने नाराज होकर आकाश को पार्टी से निकाल दिया था। हालांकि, चालीस दिनों बाद ही 13 अप्रैल को मायावती ने आकाश को पार्टी में वापस ले लिया। हालांकि, चालीस दिनों बाद ही 13 अप्रैल को मायावती ने आकाश को पार्टी में वापस ले लिया। मायावती ने आकाश को पार्टी में वापस लेने के साथ चेतावनी भी है दी कि वो किसी के बहकावे में ना आए। साथ ही पार्टी के लोगों से अपील की कि वो आकाश का हौसला बढ़ाएं।

## 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का बहिष्कार करना चाहिए था

भाषा ▶▶ मुंबई

- गठबंधन में शामिल पार्टियां इस मुद्दे पर एकमत नहीं, 51 नेताओं में से 31 सत्तारूढ़ राजग का हिस्सा



शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के भारत के संकल्प को सामने रखने के लिए विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के केंद्र सरकार के कदम का 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों को बहिष्कार करना चाहिए था।

राउत ने दावा किया कि प्रतिनिधिमंडल सरकार द्वारा किए गए पापों और अपराधों का बचाव करेगा। इस तरह के प्रतिनिधिमंडल को भेजने की कोई जरूरत नहीं थी, जो सरकार द्वारा वित्तपोषित है।

वे क्या करेंगे? विदेश में हमारे राजदूत हैं। वे अपना काम कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन (दलों) को इसका बहिष्कार करना चाहिए था। वे सरकार द्वारा बिछाए गए जाल में फंस रहे हैं। आप सरकार द्वारा किए गए पापों और अपराधों का बचाव करने जा रहे हैं, देश का नहीं। राउत की टिप्पणियों से यह भी संकेत मिलता है कि 'इंडियन नेशनल डेवलप्मेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) में शामिल पार्टियां इस मुद्दे पर एकमत नहीं हैं।

राउत ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे को नामित करने के लिए भी सरकार की आलोचना की और कहा कि लोकसभा में संख्या बल के कारण उनकी पार्टी को भी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का मौका मिलना चाहिए था।

### थरूर को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने से जुड़े विवाद से कांग्रेस केरल इकाई ने बनाई दूरी

**कोच्चि (भाषा)।** कांग्रेस की केरल इकाई ने विभिन्न देशों के दौरे पर जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के केंद्र के निमंत्रण को स्वीकार करने संबंधी शशि थरूर के फैसले को लेकर उपजे विवाद से रविवार को दूरी बनाते हुए कहा कि इस मामले पर टिप्पणी पार्टी आलाकमान करेगा।विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने एक संवाददाता के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि थरूर कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य हैं। उन्होंने यहां परवूर में एक कार्यक्रम से इतर कहा कि सीडब्ल्यूसी सदस्य एक महत्वपूर्ण पद है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को इस बारे में अपनी राय व्यक्त करनी चाहिए। उनका जो भी विचार है, हम भी उससे सहमत हैं। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तिरुवंचूर राधाकृष्णन ने थरूर से कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने वाले संसद सदस्य के रूप में अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी को पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक थरूर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जा सकते हैं, लेकिन केवल पार्टी नेतृत्व की अनुमति से।

### 'आईएसआई के बुलावे पर पाक गए थे गोगोई'



**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने फिर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा वे आईएसआई के बुलावे पर पाक गए थे। उन्होंने पाकिस्तान की संस्था के साथ मिलकर काम किया। हमारे पास सारे सबूत हैं। हम 10 सितंबर तक सारे सबूत पेश करेंगे। वे पर्यटन के उद्देश्य से नहीं गए थे। वे निश्चित रूप से प्रशिक्षण लेने के लिए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के पास गोगोई के कृत्यों के सबूत हैं और इससे बचने का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके सारे रास्ते बंद हो चुके हैं। हमने सबूत देख लिए हैं।

## भारत में जैव ईंधन, हरित हाइड्रोजन, स्थायी और समृद्ध भविष्य के निर्माण में करें निवेश: गडकरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- ब्राजील में प्रवासी भारतीयों को आमंत्रित किया



केंद्रीय सड़क परिवहन-राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ब्राजील के साओ पाउलो में प्रवासी भारतीयों को वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते कद की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत का यह स्वरूप मजबूत आर्थिक विकास, तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास और मजबूत होती अंतरराष्ट्रीय साझेदारी से भरा हुआ है। उन्होंने भारत में विशेष रूप से जैव ईंधन, हरित हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा और फ्लेक्स-फ्यूल मोबिलिटी में व्यापक निवेश और नवाचार के अवसरों पर जोर दिया। भारत को अवसरों की भूमि कहते हुए, गडकरी ने वैश्विक भारतीय प्रवासियों को एक स्थायी और समृद्ध भविष्य के निर्माण में खोज, निवेश और भागीदारी के लिए भारत आमंत्रित किया।

**भारत तेजी से बदल रहा**

*केंद्रीय सड़क परिवहन-राजमार्ग मंत्री गडकरी ने समुदाय के गहरे सांस्कृतिक मूल्यों और नवाचार, कृषि-व्यवसाय, ऊर्जा और डिजिटल सहयोग के माध्यम से भारत-ब्राजील संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने भारत को 'अवसरों की भूमि' बताते हुए वैश्विक प्रवासी भारतीयों को एक टिकाऊ और समृद्ध भविष्य के निर्माण में संभावनाएं तलाशने, निवेश करने और साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया। गडकरी ने कहा कि भारत विशेष रूप से सड़क, राजमार्ग, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में आज तेजी से बदल रहा है। सरकार की योजनाओं और निवेश से भारत आज विश्व का एक प्रमुख आर्थिक केंद्र बनता जा रहा है।*

### *अब अकबर की राजनीति में 'कूटनीतिक' वापसी*

## पत्रकार से राजनेता बने, कई उतार-चढ़ाव देखे और अब वैश्विक समुदाय के सामने रखेंगे भारत का पक्ष

### मोदी सरकार की वैश्विक कूटनीतिक रणनीति का हिस्सा बनकर उभरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय पत्रकारिता और राजनीति के दिग्गज एमजे अकबर एक बार फिर चर्चा में हैं। कभी अपनी लेखनी से देश-दुनिया को प्रभावित करने वाले और कभी विवादों में फंसे अकबर अब मोदी सरकार की वैश्विक कूटनीतिक रणनीति का हिस्सा बनकर उभरे हैं। अकबर को सरकार ने सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक में शामिल किया है, जो आतंकवाद पर भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखेंगे।

**पत्रकारिता का सुनहरा दौर**



अकबर का नाम भारतीय पत्रकारिता में एक युग की तरह है। 1970 के दशक में उन्होंने संडे और एशिया जैसे प्रकाशनों में अपनी लेखनी से धूम मचाई। द टेलीग्राफ और एशियन एज जैसे अखबारों के संपादक रहे। उनकी किताबें, जैसे नेहरू: द मेकिंग ऑफ इंडिया और कश्मीर: बिहाइंड द वेल, इतिहास और राजनीति के गहन विश्लेषण के लिए जानी जाती हैं।

**1989 में राजनीति में आए**

1989 में अकबर ने बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद के रूप में राजनीति में कदम रखा, लेकिन 1991 में वे सीट हार गए। 2014 में भाजपा में शामिल होने के बाद उनकी राजनीतिक पारी ने नया मोड़ लिया।

### नड्डा पिथौरागढ़ में सेना और अर्धसैनिक बलों से मुलाकात की

# जवानों की वीरता और निष्ठा के कारण ही देशवासी सुरक्षित

भाषा ▶▶ पिथौरागढ़

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में भारत-चीन सीमा पर स्थित गुंजी में सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों से मुलाकात की तथा कहा कि जवानों की वीरता और निष्ठा के कारण ही देशवासी सुरक्षित महसूस करते हैं। नड्डा ने यहां सेना, भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों से बातचीत के दौरान उनसे सीमा क्षेत्र की सुरक्षा हेतु तैनात हथियारों व उपकरणों की जानकारी ली तथा उनकी हौसला अफजाई की। नड्डा ने जवानों के साथ मिठाई भी खाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष ने इस मौके पर जवानों को संबोधित करते हुए दुर्गम परिस्थितियों में भी देश की सीमाओं की रक्षा करने के उनके अदम्य साहस और समर्पण की सराहना की।



### नड्डा का सीएम धामी ने किया स्वागत आदि कैलाश चोटी के भी दर्शन किए

इससे पहले, गुंजी हैलीपैड पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री नड्डा का स्थानीय लोगों द्वारा रंग संस्कृति की पगड़ी पहनाकर पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। इसके बाद, उन्होंने पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी से 'वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' के तहत गुंजी गांव को पलायन से मुक्त करने तथा सीमांत गांव से पलायन कर गए स्थानीय लोगों को लुभाने के लिए पर्यटन क्षेत्र में रोजगार सृजन करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी ली। बाद में नड्डा ने जोलिंगकोंग पहुंचकर आदि कैलाश चोटी के दर्शन भी किए। केंद्रीय मंत्री गुंजी के सेना अतिथिगृह में रात्रि विश्राम करेंगे। इससे पहले, नड्डा देहरादून के निकट जौलीग्रांट हवाईअड्डा पहुंचे जहां उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उन्हें 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के उत्पाद भेंट किए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## भारत की पाकिस्तान पर एक और कूटनीतिक जीत

# आईएमएफ से आसानी से नहीं मिलेगा पैसा ऋण के लिए सामने रखी 11 और नई शर्तें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

• आईएमएफ की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच में अगर तनाव बढ़ता है तो पड़ोसी देश के राजकोष, विदेशी व्यापार और सुधारों पर नकारात्मक असर होगा

पहलगाम आंतकी हमले के बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में पाकिस्तान के कई आंतकी प्रशिक्षण शिविरों और उनके ठिकानों को भारत ने निशाना बनाकर आतंकियों की नाक में दम कर दी थी। भारत का लगातार यह प्रयास रहा है कि पाकिस्तान को विश्व की कई वित्तपोषित एजेंसियों से विकास के नाम पर ऋण न मिल सके क्योंकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री सहित अन्य कई नेता यह स्वीकार कर चुके हैं कि उनका देश लंबे समय से आतंकवादियों की पनाहगार रहा है। उन्होंने अपने देश में आंतक और उनके आकाओं को पाला पोसा है। इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाक को 7 अरब डॉलर का ऋण देने के प्रस्ताव को अनुमति दे दी है। लेकिन लगातार भारत की ओर से यह चिंता जाहिर किये जाने की आईएमएफ से मिले हुए ऋण को पाकिस्तान विकास के बजाए आतंकियों के वित्त पोषण में लगाकर विनाश को बढ़ावा दे सकता है।

### आईएमएफ की चिंता, पाक ऋण को रक्षा संसाधन बढ़ाने में खर्च करेगा




### यूएन की रिपोर्ट में खुलासा

#### पाकिस्तान में भुखमरी से प्रभावित होंगे एक करोड़ लोग

संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन की रिपोर्ट में बताया गया है कि नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान में गंभीर खाद्य असुरक्षा (भुखमरी) बनी रही। रिपोर्ट में बताया गया कि करीब 1.1 करोड़ लोगों को इस असुरक्षा का सामना करना पड़ सकता है। एफएओ की 'खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट-2025' के मुताबिक, पाकसके 68 ग्रामीण जिले की 22 फीसदी आबादी को गंभीर खाद्य संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसमें खासकर बाढ़ प्रभावित बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा भी शामिल हैं। इसमें से 17 लाख लोग आपात स्थिति में हैं। जब 2024 में भूखमरी की स्थिति का सर्वेक्षण किया गया था, तब 3.67 करोड़ लोगों को इसमें शामिल किया गया था।

### व्यापार सुधारों पर नकारात्मक असर होगा

*शनिवार को जारी आईएमएफ की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच में अगर तनाव बढ़ता है तो पड़ोसी देश के राजकोष, विदेशी व्यापार और सुधारों पर नकारात्मक असर होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले दो हफ्तों में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, लेकिन अभी तक बाजार की प्रतिक्रिया मामूली रही है और शेयर बाजार ने अपने हालिया मुनाफे को बरकरार रखा है।*

#### पाक ने रक्षा बजट बढ़ाया

आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि अगले वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान का रक्षा बजट 2.414 लाख करोड़ रुपए हो सकता है, जो 25,200 करोड़ रुपए या 12 प्रतिशत अधिक है। आईएमएफ के अनुमान की तुलना में, सरकार ने 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक आवंटित करने का संकेत दिया है, जो भारत के साथ संघर्ष के बाद 18 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

### आईएमएफ की शर्तें बढ़कर 50 हुई

भारत के इस दबाव के बाद आईएमएफ महज 7 अरब डॉलर के कर्ज के लिए पाकिस्तान पर 11 और शर्तें लगा दी हैं, जिससे कुल शर्तों की संख्या 50 हो गई है। इसके साथ ही उसने भारत के साथ तनाव को एक बड़ा जोखिम बताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईएमएफ ने जो नई शर्तें लगाई गई हैं उनमें 17.6 लाख करोड़ रुपए के नए बजट को मंजूरी देना, बिजली बिलों पर डेट सर्विसिंग सरचार्ज बढ़ाना और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध हटाना शामिल है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले दो हफ्तों में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ गया है।

## 273 विस्फोटक और धोखा देने वाले ड्रोन छोड़े, एक महिला की मौत

### रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला

**कीव (एजेंसी)।** साल 2022 में पूर्ण पैमाने पर युद्ध शुरू होने के बाद से रूस ने रविवार को यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि रूस ने कुल 273 ड्रोन से हमला किया, जिनमें विस्फोटक और धोखा देने वाले ड्रोन शामिल थे। इनमें से 88 इंटरसेप्ट किया गया और 128 को नष्ट किया गया। इन ड्रोन से यूक्रेन के कीव, निप्रोपेट्रोस्क और डोनेत्स्क क्षेत्रों को निशाना बनाया गया था। इस बार रूस ने यूक्रेन पर जितने ड्रोन छोड़े, वह अब तक के सबसे बड़े हमले से भी ज्यादा हैं। इससे पहले सबसे बड़ा हमला तब हुआ था जब रूस ने युद्ध के तीन साल पूरे होने से एक दिन पहले 267 ड्रोन छोड़े थे।




## बांग्लादेश से गारमेंट्स व प्रोसेस्ड फूड एंट्री बैन

**नई दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण व्यापार नीति बदलाव के तहत भारत ने बांग्लादेश से भूमि बंदरगाहों के माध्यम से देश में रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी), प्रोसेस्ड फूड और अन्य वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बांग्लादेश से भारत में रेडीमेड गारमेंट्स, प्रोसेस्ड फूड जैसे कुछ सामानों के आयात पर भूमि बंदरगाह प्रतिबंध लगाते हुए एक अधिसूचना जारी की।

## गुर्दा प्रत्यारोपण करा चुके शेरपा की एवरेस्ट फतह

**काठमांडू।** गुर्दा प्रत्यारोपण करा चुके पेम्बा शेरपा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी, माउंट एवरेस्ट



को सफलतापूर्वक फतह कर इतिहास रच दिया है। ऐसा करने वाले वह न सिर्फ पहले नेपाली बल्कि विश्व के पहले व्यक्ति बन गए हैं। स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे अनेक लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हैं। पेम्बा ने 8,848 मीटर ऊंचे एवरेस्ट की चोटी पर झंडा फहराया।

### भारत में तीन बड़े हमलों का मास्टरमाइंड

## लश्कर आतंकी सैफुल्लाह पाकिस्तान में मारा गया

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों की साजिश रचने के आरोपी लश्कर-



ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह मारा गया है। सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध में मतली फलकारा चौक के पास अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। सैफुल्लाह खालिद ने भारत में तीन बड़े आतंकवादी हमलों का मुख्य साजिशकर्ता था। इनमें रामपुर में 2001 में सीआरपीएफ कैंप पर हमला, बैंगलोर में 2005 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस पर हमला और नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय पर 2006 में हमला शामिल हैं। वह लश्कर के ऑपरेशनल कमांडर आजम चीमा उर्फ बाबाजी का सहयोगी था।

**नेपाल में नकली नाम से रहता था खालिद :** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सैफुल्लाह खालिद विनोद कुमार के नकली नाम से नेपाल में कई वर्षों तक रहा। इस नाम से उसने फर्जी पहचान पत्र भी बनवाए थे। उसने एक स्थानीय महिला नगमा बानो से शादी की थी।

